आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
वीर बाल दिवस"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 147 | इंदौर, शुक्रवार 26 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### भारत ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**विजयवाड़ा।** भारत ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन आईएनएस अरिघात से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि यह टेस्ट मंगलवार को विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। भारत जमीन, हवा के बाद अब समुद्र से भी परमाणु हथियार लॉन्च कर सकेगा। ये मिसाइल 2 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। के-सीरीज की मिसाइलों में के अक्षर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में रखा गया है। इनकी भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका रही है। के-4 मिसाइल, जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है।

### मोदी ने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्तियों का अनावरण करके पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार ने आर्टिकल 370 की दीवार गिराई। पहले एक परिवार की मूर्तियां लगती थीं, आज हर विभूति को सम्मान मिल रहा है। आजादी के बाद सभी उपलब्धियां एक ही परिवार के नाम होती थीं। भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया। मोदी ने ये भी कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ है। अंडमान में नेताजी ने जहां पर तिरंगा फहराया, वहां उनकी प्रतिमा है।

### रणवीर सिंह को डॉन-3 से मेकर्स ने निकाला



**दावा- एक्टर की अनुचित डिमांड वजह बनी, खुद फिल्म छोड़ने की खबर गलत**

**मुंबई।** हाल ही में खबरें आईं थी कि रणवीर सिंह डॉन-3 से अलग हो गए हैं। एक्टर ने ये फैसला धुरंधर की सफलता की वजह से लिया था। लेकिन अब नई जानकारी के मुताबिक, रणवीर ने ये फिल्म नहीं छोड़ी बल्कि उनके अनुचित मांगों और क्रिएटिव डिफरेंस की वजह से उन्हें फिल्म से निकाला गया है। सोर्स के हवाले से लिखा है कि रणवीर की फिल्म छोड़ने की खबर पूरी तरह अफवाह है। मेकर्स और रणवीर के बीच क्रिएटिव मतभेद थे। इसका नतीजा ये हुआ कि मेकर्स ने एक्टर को फिल्म से बाहर निकाल दिया। मेकर्स रणवीर की मांगों से सहमत नहीं थे। सोर्स ने ये भी दावा किया है कि रणवीर की पिछले तीन फिल्में लगातार फ्लॉप रहीं लेकिन उसके बाद भी फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने उन्हें मौका दिया। फिल्में फ्लॉप होने की वजह से संजय लीला भंसाली ने बैजू बावरा कैंसिल कर दी थी लेकिन फरहान-रितेश उनके साथ खड़े रहे थे। बता दें दो दिन पहले पिंकविला ने सोर्स के हवाले से लिखा था- 'रणवीर संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्ममेकर्स के साथ काम करना चाहते हैं। साथ ही, वो एक के बाद एक गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब धुरंधर पहले ही इस जोनर में अपनी पहचान बना चुकी है।' सूत्र ने आगे कहा था- 'इसी वजह से रणवीर ने प्रोड्यूसर जय मेहता से प्रलय की शूटिंग पहले करने को कहा है। रणवीर डॉन 3 से बाहर निकलने के बाद पर्सनली जय मेहता की फिल्म की डेट्स और शेड्यूल को व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं, ताकि फिल्म की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ सके।'

### थाईलैंड ने कंबोडिया में भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़ी

**लाओस/नाम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया की बॉर्डर पर थाई सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दी। एशियानेट न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक थाई सैनिकों ने बुलडोजर चलाकर मूर्ति को गिरा दिया। घटना 22 दिसंबर की बताई जा रही है। कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया। मूर्ति की ऊंचाई 30 फीट बताई जा रही है। कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत के सरकारी प्रवक्ता किम चानपनहा ने कहा कि इस मूर्ति को 2014 में थाईलैंड की सीमा से करीब 100 मीटर दूर बनाया गया था। भारत ने मूर्ति तोड़े जाने की खबरों पर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को धार्मिक प्रतीकों का अपमान दुनिया भर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है और ऐसे काम नहीं होने चाहिए।

### ट्रेड वार्ता में भारत का अमेरिका को फाइनल ऑफर

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के सामने ट्रेड वार्ता में अपना आखिरी प्रस्ताव रख दिया है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ को घटाकर 15% किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25% पेनाल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल का कहना है कि समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है, हालांकि उन्होंने कोई तय समय सीमा नहीं बताई। इस हफ्ते भारत और अमेरिका की व्यापार टीमों के बीच दिल्ली में बैठक हुई।

---

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना 8, 9, 10, 11 टीडीएस निरस्त आदेश

# राजपत्र प्रकाशन, नक्शा सुधार शेष, किसान सम्मेलन और सम्मान समारोह आज

## किसान आंदोलन के प्रणेता दिनेश कुलकर्णी एवं मोहिनी मोहन मिश्र होंगे शामिल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना 8,9,10,11 को लेकर सरकार ने निरस्त आदेश दे दिया है। अभी इसका राजपत्र में प्रकाशन शेष है साथ ही सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों की जमीन के नक्शे पर जो तब्दीली की गई थी उसमें सुधार होना शेष है। इसके पूर्व किसान संघ शुक्रवार को किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है।

किसानों के आंदोलन के चलते नवंबर में सरकार एवं भारतीय किसान संघ के बीच समझौता हुआ था। उसके बाद अनेक रूकावटों के बाद अंततः निरस्ती आदेश जारी किया गया। समझौते की करीब एक माह की अवधि के बाद सरकार ने निरस्त आदेश जारी किया। 17 नवंबर को निरस्त आदेश के समझौते के उपरांत सरकार की और से संशोधन जारी किया गया था। जिस पर भारतीय किसान संघ ने आपत्ति लेते हुए निरस्त आदेश की मांग की थी।

### धन्यवाद रैली के बाद उत्साह काफूर

किसान संघ ने सरकार से समझौते के बाद उज्जैन में धन्यवाद रैली का आयोजन किया था। इसमें किसानों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए जमकर उत्साह मनाया था। दो दिन बाद सरकार की और से संशोधन जारी किया गया। इसे देखकर किसान नेताओं का उत्साह काफूर हो गया था और निरस्ती आदेश की मांग किसानों ने उठाई थी।



### दो बार चेतावनी, आंदोलन घोषणा के बाद आदेश

संशोधन आदेश के बाद भारतीय किसान संघ ने सरकार से दो बार आदेश जारी करने की मांग की और आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस दौरान पहली बार दो दिन एवं उसके उपरांत 7 दिन में निरस्त आदेश जारी करने की मांग समझौते के अनुसार की गई थी। इस पर भी सरकार की और से कोई कदम नहीं उठाने पर अंततः भारतीय किसान संघ ने 14 दिसंबर को अपने घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन 26/12 से करने की घोषणा कर दी गई थी। इसके बाद सरकार ने निरस्त आदेश जारी किया गया।

### आज सम्मेलन एवं सम्मान

भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के लंबे आंदोलन के कारण म.प्र सरकार ने उज्जैन में बाबा महाकाल की नगरी से सम्पूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र की लैंड पूलिंग योजना 8, 9, 10, 11 विकास योजना पूर्ण रूप से समाप्त कर दी गई। भारतीय किसान संघ की ओर से शुक्रवार को अ.भा. संघठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, अ. भा. महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र के आतिथ्य में दोपहर 12 बजे आशीर्वाद गार्डन अंकपात मार्ग इंदिरा नगर में किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

-योजना निरस्त राजपत्र प्रकाशन एवं नक्शा सुधार को लेकर हमारी एक टीम बराबर काम कर रही है। हमें इसका इंतजार है।

**-कमलसिंह आंजना**
**प्रदेशाध्यक्ष, भाकिसं, मध्यप्रदेश**

---

## भारतीय सेना के जवानों को इंस्टाग्राम पर सिर्फ देखने की अनुमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल युग में सोशल मीडिया जहां आम लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, वहीं देश की सुरक्षा से जुड़ी संस्थाओं के लिए यह हमेशा एक संवेदनशील विषय रहा है। इसी कड़ी में भारतीय सेना ने सोशल मीडिया उपयोग को लेकर एक अहम और संतुलित फैसला लिया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक अब भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों को इंस्टाग्राम का इस्तेमाल केवल देखने और निगरानी करने के लिए करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, पोस्ट करने, लाइक करने या किसी भी तरह की टिप्पणी करने पर अब भी सख्त पाबंदी बनी रहेगी। नई व्यवस्था के तहत सेना कर्मियों को इंस्टाग्राम पर सक्रिय भागीदारी की इजाजत नहीं है, बल्कि वे केवल चुपचाप स्क्रॉल कर सकते हैं।

---

## ओडिशा में 1 करोड़ का इनामी नक्सली मारा गया

### कंधमाल में 2 महिलाओं समेत 6 नक्सली ढेर, एसओजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ टीमों का ऑपरेशन

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर







छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा के कंधमाल में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 6 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 1 करोड़ से ज्यादा का इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर गणेश उईके भी शामिल है। दो महिला नक्सली भी मारी गई हैं। मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं।

सुरक्षाबलों को कंधमाल जिले के चाकापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था। इसी इनपुट के आधार पर 23 टीमों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। इनमें 20 स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप, दो सीआरपीएफ और एक बीएसएफ टीमें शामिल थीं। यह ऑपरेशन कंधमाल जिले के चाकापाड़ थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन क्षेत्र में चलाया गया। 25 दिसंबर को अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर माओवादियों और एसओजी जवानों के बीच कई बार गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्चिंग की गई, जिसमें 5 नक्सलियों के शव मिले। इनमें 3 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। सभी माओवादी वर्दी में थे। मौके से 2 इंसास राइफल और एक 303 राइफल बरामद हुई है।

---

कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा

## भाषण नहीं, सुरक्षा चाहिए : जीतू पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव से गृह विभाग संभल नहीं रहा है, प्रदेश में अपराध की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और केंद्र तथा राज्य सरकार हालात सुधारने में विफल रही हैं।

अमित शाह के मध्यप्रदेश दौरे के बीच जीतू पटवारी ने किए पाँच सवाल, कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा, कहा- सिर्फ भाषण नहीं, सुरक्षा चाहिए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मध्यप्रदेश दौरे पर हैं और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कानून व्यवस्था को लेकर उनसे सवाल किए हैं। उन्होंने गृहमंत्री का स्वागत करते हुए पांच सवाल किए जिसमें कहा गया है कि मध्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, लेकिन केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय इस स्थिति पर आंखें मूंदे हुए हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव से गृह विभाग संभल नहीं रहा। मध्य प्रदेश को सिर्फ भाषण नहीं, ठोस कानून व्यवस्था और सुरक्षा चाहिए। उन्होंने ये सवाल भी किया कि इतने वर्षों में आपने इस राज्य के लिए कोई विशेष सुरक्षा हस्तक्षेप योजना क्यों नहीं बनाई।

---

## स्लीपर बस में आग लगने से 10 जिंदा जले

एजेंसी ▶▶ चित्रदुर्ग

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 12 और 17 बताया जा रहा है। हादसा एनएच-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि ज्यादातर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक किए थे। इससे पुलिस को उनके फोन नंबर मिल गए हैं।

## बस ने 2 कारें कुचलीं 9 की मौत, 4 घायल

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया। दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

---

इंदौर विश्व के चालीस देशों में

## प्रचलित फ्लाय डायनिंग रेस्टोरेंट कॉन्सेप्ट में शामिल

### 160 फीट ऊंचाई पर रेस्टोरेंट में व्यंजनों का लुत्फ लेंगे शहरवासी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



इंदौर अब विश्व के 40 देशों में शुमार हो गया है। अब इंदौर केवल अपने स्वाद और सफाई के लिए नहीं, बल्कि अनोखे ह्यफ्लाय डायनिंग रेस्टोरेंटह्न अनुभव के लिए भी चर्चा में है। शहर के बायपास स्थित झलारिया में शुरू हुआ ह्यफ्लाय डायनिंग रेस्टोरेंटह्न मध्य प्रदेश का पहला हवाई रेस्टोरेंट बन गया है। यहां लोग जमीन से 160 फीट ऊपर बैठकर शहर का खूबसूरत नजारा देखते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं।

फ्लाय डायनिंग का यह कॉन्सेप्ट पूरी तरह रोमांचकारी और सुरक्षित है। विशेष रूप से डिजाइन की गई क्रेन इस डाइनिंग टेबल को हवा में उठाती है, जिसमें एक बार में 24 लोग बैठ सकते हैं। हर सीट पर तीन स्तरीय सुरक्षा बेल्ट है और प्रशिक्षित स्टॉफ हर पल मेहमानों की देखरेख करता है। रेस्टोरेंट की 360 डिग्री घूमने वाली टेबल और 180 डिग्री घूमने वाली सीटें आसमान में भोजन का अनुभव और भी रोमांचक बना देती हैं।रेस्टोरेंट के संचालकों के अनुसार, फ्लाय डायनिंग के लिए इंदौर का चयन यहां के नवाचारप्रिय और स्वादप्रेमी लोगों के कारण किया गया। साथ ही, यहां से नए-पुराने शहर, देवगुराड़िया की पहाड़ियां और आसपास की रोशनी का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है। बर्थडे, एनिवर्सरी, रीयूनियन और कॉर्पोरेट ईवेंट्स के लिए भी यह नया स्थल आकर्षण का केंद्र बन सकता है।फ्लाय डायनिंग की क्रेन की क्षमता 150 टन है, हालांकि फिलहाल केवल 8 टन वजन पर संचालन किया जा रहा है। रेस्टोरेंट को सभी संबंधित सरकारी विभागों से एनओसी प्राप्त है और सुरक्षा मानकों के अनुरूप नियमित निरीक्षण किया जाता है।विश्व के चालीस देशों में प्रचलित यह कॉन्सेप्ट अब इंदौर के स्वाद में उड़ान भर रहा है—यहां भोजन केवल थाली में नहीं, बादलों के संग परोसा जा रहा है।



## बुधवार का महाकाल श्रृंगार



## खतरनाक पार्किंग ...




शहर में अब यातायात के मामले में नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। बढते चौपहिया वाहन एवं उनकी रेलमपेल पार्किंग अब समस्या को सुरसा बनाती जा रही है। एक समय था जब शहर में एक चौपहिया वाहन अगर गलत पार्किंग किया जाता था तो कुछ ही देर में यातायात के नियमों की जानकार वर्दी पहुंच जाती थी और खतरनाक पार्किंग का चालान बन जाता था। ऐसे में अगर वाहन मालिक कोई विवाद करता तो दुसरे दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में भी आ जाता था। समय बदला और वाहनों की संख्या इतनी हो गई की नए शहर की चौडी सडकों पर भी वाहन नहीं समा रहे हैं। यहां भी चौपहिया मनमाफिक जगह पर खडी की जा रही है। यहां तक की आधी सडक तक वाहनों की पार्किंग हो रही है और शेष बची सडक से क्षेत्र की वर्दी का वाहन बमुश्किल निकल पा रहा है। उस पर भी वर्दी के वाहन का चालक कुछ बोलने की स्थिति में भी नहीं है। अपरांह के समय में शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में एक बार तफरीह के लिए आप निकलेंगे तो ऐसे एक नहीं अनेक दृश्यों से आप रूबरू होंगे। इस दौरान चौपहिया वाहन चालकों को सडक पर पार्किंग को लेकर न तो कोई नियम पालन का स्मरण रहेगा और न ही वे उसका पालन करेंगे। अगर फूटपाथ पर दुसरा वाहन पार्क है तो उसके बाजू में ही आधी सडक तक खतरनाक स्थिति में वाहन पार्क करना शान समझा जाएगा। खास तो यह है कि शब्दों में स्मार्ट शहर के सीसी टीवी कैमरा मात्र दिखावे के ही रह गए हैं। कैमरे से कभी आनस्पाट कार्रवाई करने का भी चलना होना चाहिए। जिसमें हाथों-हाथ ही यातायात के अपराध करने वालों को आनस्पाट ही पकडा जाए और दंडित किया जाए। टावर पर बाबा साहब के सामने वाले हिस्से में नगर की संस्था ने कार्रवाई की थी। एक बार फिर से यहां नगर सेवा का स्टाप संचालित हो रहा है। यहां अवैध पार्किंग चल रही है। रोटरी के लिए सुरक्षा गार्ड रखने का बोला गया था लेकिन अब भी रोटरी में अंजाने लोग जमे रहते हैं। खुसूर-फुसूर है कि चौपहिया वाहनों के चालक अब वजनदारी वाले हो गए है। उनके जेक भारी हैं। नियम वाली वर्दी मात्र आउटर मार्ग तक एवं ग्रामीणों तक सिमट कर रह गई है। ग्रामीणों को नियम सिखाए और याद दिलाए जाने के काम में व्यस्त है। खतरनाक रूप से शहर में वाहनों की पार्किंग करने वाले जेक के नियमों के जानकार हैं।

### त्यौहार एक, लेकिन उसके रंग पूरी दुनिया में भिन्न

# दुनिया के कुछ देश गर्मियों मे मनाते हैं क्रिसमस

पं राहुल शुक्ल उज्जैन

जहां पूरी दुनिया मे क्रिसमस कंपकंपाती ठंड मे मनाया जाता है वहीं कुछ देशो मे क्रिसमस भीषण गर्मियों मे आता है। पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्ध मे मौसम एकदम विपरीत होते हैं। जब पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध मे ठंड का मौसम रहता है तब दक्षिणी गोलार्द्ध मे भीषण ग्रीष्म ऋतु होती है। इसी के कारण दक्षिण गोलार्द्ध मे स्थित देशों मे माह दिसम्बर गर्मियों मे आता है। दक्षिण गोलार्द्ध मे स्थित देश आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्राजील, अर्जेन्टीना व मेडागास्कर ऐसे देश हैं जहां दिसम्बर मे भीषण गर्मी होती है अतः ये देश गर्मियों मे क्रिसमस मनाते हैं।

### सुनहरी धूप मे क्रिसमस ट्री

सबसे मजेदार बात तो ये है कि आमतौर पर क्रिसमस ट्री ठंडे प्रदेश का वृक्ष है और स्नोफाल वाले क्षेत्र मे इसे दिखाया जाता है किन्तु आस्ट्रेलियाई लोग सुनहरी धूप मे क्रिसमस ट्री को खूबसूरत ढंग से समुद्र तट पर सजाते हैं । कहीं कहीं पर कृत्रिम स्नोफाल के दृश्य भी प्रस्तुत किए जाते हैं।

### न्यूजीलैंड मे फोटूकावा वृक्ष

न्यूजीलैंड मे स्थानीय फोटूकावा पेड को क्रिसमस ट्री का प्रतिरूप बनाकर सजाया जाता है। लाल रंग के फूल वाला ये वृक्ष बहुत सुन्दर होता है। माओरी परंपरा के अनुसार क्रिसमस गीत गाए जाते हैं।

### गर्मियों के कारण डेजर्ट फूड

आस्ट्रेलियाई व न्यूजीलैंडर्स गर्मी के मौसम मे क्रिसमस मनाते हैं तो डिशेस भी दूसरे देशों से अलग होती हैं। प्रायः ठंडे मांस व पेय के साथ त्योहार मनाया जाता है। सबसे ज्यादा हेमटर्की मीट, सीफूड जैसे झींगा व ओयस्टर के व्यंजन बनाए जाते हैं और परोसे जाते हैं। विभिन्न फ्लेवर की आइस्क्रीम व ठंडी शराब के साथ क्रिसमस मनाया जाता है।

### सर्फिंग व कीकायकिंग

इन दोनो देशों मे क्रिसमस के उपलक्ष्य मे रोमांचक खेल जैसे सर्फिंग व कीकायकिंग आदि समुद्र मे आयोजित किए जाते हैं जिसका लुत्फ उमंग के साथ लोग उठाते हैं।

### आर्मेनिया मे जनवरी मे क्रिसमस

कुछ देशों मे पुरातन जूलियन कैलेण्डर को मान्यता है जो ग्रेगेरियन कैलेण्डर से भिन्न है। जूलियन कैलेण्डर अनुसार प्रभु ईसा का जन्म 6 जनवरी माना गया है इसलिए आर्मेनिया व यूक्रेन आदि देशों मे क्रिसमस 6 जनवरी को मनाया जाता है। त्योहार एक ही है किन्तु उसके रंग पूरी दुनिया मे भिन्न हैं ।

### बीच पार्टियों के साथ क्रिसमस

आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड मे क्रिसमस अलग ढंग से मनाया जाता है। इन दोनो देशों मे चूंकि क्रिसमस के समय भीषण गर्मी होती है तो यहां के ईसाई क्रिसमस पर समुद्रतट पर बीच पार्टियां आयोजित कर क्रिसमस मनाते हैं। समुद्र तट पर क्रिसमस कैरोल गीत बजते रहते हैं और खान पान चलता रहता है। आउटडोर एक्टिविटिज के साथ क्रिसमस का लुत्फ उठाया जाता है।



# एयरपोर्ट की तर्ज पर लगाए गए टैनसाइल फैब्रिक शेड

### नगर निगम का चक्रतीर्थ पर सौंदर्यकरण कार्य पूर्ण, 01 करोड़ से अधिक की लागत से कार्य करवाए गए

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

चक्रतीर्थ पर नगर निगम ने सौंदर्यकरण कार्य को अंजाम दिया है। इन कार्यों में चक्रतीर्थ पर एयरपोर्ट की तर्ज पर टैनसाइल फैब्रिक शेड लगाए गए हैं। दाह संस्कार स्थल पर पुराने पतरे के शेड को हटाया जाकर नए शेड लगवाए गए हैं। बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां, रंगाई पुताई, टॉयलेट निर्माण एवं संधारण कार्य, ओटलों का निर्माण उनकी रंगाई पुताई एवं मार्किंग कार्य इत्यादि आवश्यक कार्य करवाए गए हैं।



चक्रतीर्थ पर शव यात्रा के साथ आने वाले लोगों को अब यहां बहुत कुछ बदला झबदला सा नजर आ रहा है। यहां नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा महापौर मद से 76 लाख रुपए की राशि से 80 मीटर लंबे स्पेशल डोम टेंसाइल फैब्रिक शेड निर्माण का कार्य भी इसी क्रम में करवाया गया है। यहां पर निगम मद से 25 लाख रुपए की लागत से अन्य आवश्यक कार्य करवाए गए हैं जिसमें दाह संस्कार के स्थान पर जो पुराने पतरे के शेड थे उन्हें हटाया जाकर नए शेड लगवाए गए हैं, बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां, रंगाई पुताई, टॉयलेट निर्माण एवं संधारण कार्य, ओटलों का निर्माण उनकी रंगाई पुताई एवं मार्किंग कार्य इत्यादि आवश्यक कार्य करवाए गए हैं।

### सुंदरता एवं प्राकृतिक बचाव दोनों

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि एयरपोर्ट की तर्ज पर चक्रतीर्थ पर टैनसाइल फैब्रिक शेड निर्माण का कार्य किया गया हे जिससे यहां आने वाले नागरिकों को गर्मी, धूप एवं बारिश से बचाव होगा साथ ही चक्रतीर्थ की सुंदरता भी बढ़ेगी।शेड निर्माण के लिए पूर्ण सुरक्षा एवं सावधानी रखी गई है पाइप लगाए जाने के लिए 6 फीट नीचे गड्ढे करते हुए पाइप लगाए गए हैं। यह शेड सालों साल चलेगा । इसमें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। यहां आने वाले नागरिक स्वच्छता के साथ-साथ शांति का अनुभव करेंगे।

### 01 माह में पूर्ण होगी कानीपूरा एलआईजी युनिट-आयुक्त

कानीपुरा स्थित एलआईजी श्रेणी के 48 आवासीय यूनिटों का कार्य 01 माह की समय अवधि में पूर्ण करना होगा। वर्तमान में 70 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही एक फ्लैट एवं दुकान का मॉडल पूर्ण रूप से तैयार करके रखें ताकि यहां आने हितग्राही फ्लैट एवं दुकान का मॉडल देख सकें। 15 दिनों में कानीपुरा के फ्लैटों की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित किए जाने के निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कानीपुरा, मंछामन एवं अलखधाम स्थित प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

### 25 दिसंबर: तुलसी पूजन दिवस

# सनातन धर्म में तुलसी पौधे का विशेष महत्व



दैनिक अवन्तिका उज्जैन

सनातन धर्म में तुलसी पौधे का विशेष महत्व माना जाता है और इसकी पूजा अन्य देवी-देवताओं की तरह की जाती है। हर साल 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। इस बार यह दिन गुरुवार को पड़ रहा है, जो भगवान विष्णु की पूजा के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। श्री विष्णु को तुलसी अति प्रिय है, ऐसे में इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है।

### तुलसी पूजन दिवस पर करें ये उपाय

इस बार गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया जा रहा है, ऐसे में आप इस दिन सुबह स्नान करने के बाद पीले रंग के वस्त्र को धारण करें। अब आप माता तुलसी की पूजा अर्चना करें और 3 या 7 बार परिक्रमा करें। इस उपाय के करने से आपको तुलसी माता के साथ-साथ प्रभु श्रीहरि की कृपा प्राप्त होती है।

### दूर होगी नकारात्मक ऊर्जा

तुलसी दिवस पर सूर्यास्त के बाद तुलसी के समक्ष गाय के घी का दीपक जरुर जलाना चाहिए। ऐसा करने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है।

### इन बातों का रखें ख्याल

शुभ फलों की प्राप्ति के लिए तुलसी पूजन दिवस के दिन कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। ध्यान रहे कि बिना स्नान किए तुलसी को स्पर्श ना करें। इसके साथ ही कभी भी सूर्यास्त के बाद तुलसी में जल न अर्पित करें। रविवार, अमावस्या और एकादशी के दिन तुलसी में जल अर्पित नहीं करना चाहिए।

# साध्वी प्राची सिंह बोली केरला स्टोरी, कश्मीर फाइल्स को झूठा कहने वाले देंख लें बांग्लादेश स्टोरी

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

जहां भी संख्या बल कम होता है वहां हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जाता है। जो लोग केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स को झूठा कह रहे थे वो आज हकीकत में बांग्लादेश स्टोरी देख लें। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही क्रूरता ना केवल निंदनीय है बल्कि बेहद दर्दनाक और शर्मनाक भी है।

उक्त बातें उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रही प्रखर हिंदूवक्ता साध्वी प्राची सिंह ने बुधवार को शाजापुर अल्प प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में कहीं। उन्होंने स्थानीय मां राजराजेश्वरी माता मंदिर में दर्शन भी किए। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए साध्वी प्राची सिंह ने बांग्लादेश की घटना पर बुद्धिजीवी वर्ग की चुप्पी को देश के लिए अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि मैं भारत की सरकार से निवेदन करती हूं कि समय आ गया है अब फाटक खोल दें ताकि बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदू अपने राष्ट्र में सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में हो रहे हिंदू समाज के नरसंहार को लेकर सेक्यूलर गेंग खामोश बैठी है। बिहार में नीतीश कुमार के नकाब हटाने पर बवाल करने वाले बांग्लादेश में दीपूदास के सरेआम जिंदा जलाए जाने पर गूंगे-बहरे हो गए हैं। नितेश कुमार ने नकाब हटाकर क्या गलत किया उन्होंने यही देखा कि नकाब में डिग्री लेने वाली सलमा है या नकाब की आड़ में कोई सलमान डिग्री लेने आ गया। पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाए जाने के सवाल पर भी साध्वी प्राची सिंह ने बेबाकी से कहा कि हिंदुस्तान में किसी आक्रांता की विचारधारा के लिए कोई स्थान ना कभी था, ना है और ना ही कभी रहेगा।

# साल 2026 में गुरु का बड़ा खेल, 3 राशियों का बदलेगा भाग्य, मिलेगी समृद्धि या झेलना होगा संकट

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

वैदिक ज्योतिष में गुरु ग्रह को भाग्य, ज्ञान, धर्म, विवाह, संतान, धन और आध्यात्मिक उन्नति का कारक माना जाता है। गुरु ग्रह जहां पर बैठते हैं, वहां पर विकास, विस्तार और सीख का मार्ग खोलते हैं। वहीं जब गुरु ग्रह शुभ होते हैं, तो जातक के जीवन में सुख-समृद्धि, मान-सम्मान और उन्नति आती है। बता दें कि साल 2026 में बृहस्पति का गोचर तीन राशियों में होने जा रहा है। साल की शुरूआत में गुरु ग्रह का गोचर मिथुन राशि में रहेगा।

फिर 02 जून 2026 को गुरु ग्रह अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। वहीं 31 अक्तूबर 2026 को गुरु ग्रह कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 13 दिसंबर 2026 को गुरु ग्रह सिंह राशि में वक्री हो जाएंगे। ऐसे में गुरु ग्रह का यह परिवर्तन सभी राशियों को प्रभावित करने वाला है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि गुरु ग्रह का यह गोचर राशियों पर कैसा प्रभाव दिखाएगा।



### मिथुन राशि

इस दौरान गुरु आपकी राशि के 12वें भाव में गोचर करेंगे। इस गोचर से खर्च बढ़ेंगे और अस्पताल या विदेश यात्रा का योग बन सकता है। वहीं इस राशि के लोग मानसिक रूप से अस्थिर और अकेलापन महसूस कर सकते हैं। आपको धन के मामले में थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि आपका बजट बिगड़ सकता है। हालांकि यह समय आध्यात्मिक विकास के लिए काफी अहम है।

पूजा-पाठ, ध्यान और एकांत आपके लिए लाभकारी होगा। विदेश से जुड़े कार्यों में लाभ मिल सकता है। वहीं नौकरी में दबाव बढ़ सकता है, लेकिन आप इसको धैर्यपूर्वक संभाल लेंगे। यह आपको अधूरे कार्यों को समेटने का समय है। न कि कोई बड़े निर्णय लेने का समय है।

### कर्क राशि

कर्क राशि वाले जातकों के लिए यह पूरा साल काफी सर्वश्रेष्ठ होगा। गुरु आपकी राशि में उच्च होकर आएंगे। जिससे जीवन में नई ऊर्जा और पॉजिटिव बदलाव महसूस करेंगे। इस दौरान कर्क राशि के जातकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, हेल्थ में सुधार होगा और खुद को पहले से ज्यादा स्थिर और मजबूत पाएंगे।

इस दौरान कर्क राशि के जातकों को उन्नति के मौके मिलेंगे, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। विवाह के योग्य हो चुके लोगों के लिए अच्छे रिश्ते आएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। इस दौरान आप जो भी काम करेंगे, उनमें अधिक सफलता मिलने की संभावना है। यह नई शुरूआत, आत्म-विकास और जीवन को एक नई दिशा देने का सबसे अच्छा समय साबित हो सकता है।

### सिंह राशि

इस अवधि में गुरु ग्रह आपके दूसरे भाव में गोचर करेंगे। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आय के भी स्त्रोत बढ़ेंगे। बचत बनने लगेगी और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आपकी वाणी का प्रभाव बढ़ेगा। साथ ही सिंह राशि के जातकों को नौकरी में वेतन वृद्धि या फिर बोनस मिलने की संभावना है।

व्यापारियों को नए ग्राहक और आर्थिक सफलता मिलने के योग हैं। इस अवधि में परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपकी सलाह को महत्व मिलेगा। इस समय किया गया निवेश आपको भविष्य में लाभ दे सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके साथ रहेगा। कुल मिलाकर यह समय परिवार और धन दोनों मामले में स्थायित्व और संतुलन लेकर आएगा।

म.प्र. स्तरीय नागर ब्राह्मण प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति उज्जैन द्वारा

48 वां पुरस्कार वितरण समारोह

(नागर रत्न स्व. श्री विष्णुप्रसादजी नागर की स्मृति में)

समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं सम्मानित अतिथियों का

हार्दिक अभिनन्दन

अतिथिगण

अभिनव शर्मा, सहायक महाप्रबंधक , केनरा बैंक, उज्जैन रीजन
श्री केदार रावल, अध्यक्ष, म. प्र. नागर ब्राह्मण परिषद
श्री विजय शर्मा, अध्यक्ष, उज्जैन नागर ब्राह्मण परिषद
श्री विजय प्रकाश मेहता, वरिष्ठ समाज सेवी

दिनांक 25/12/2025, वार- गुरुवार
पुरस्कार वितरण दोपहर 2 बजे से

स्थान- पं. सूर्यनारायण व्यास सभागृह कालिदास अकादमी, कोठी रोड, उज्जैन



स्व. श्री गोवर्धनलाल मेहता
संस्थापक, दैनिक अवन्तिका

समाज के सभी सम्माननीय परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।

सौजन्य से
दैनिक अवन्तिका



स्व. श्री विष्णुप्रसाद नागर
समिति संस्थापक

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर



### नए वर्ष पर महाकाल मंदिर समिति लगाएगी अतिरिक्त काउंटर

## भक्तों को सहजता से मिलेगा लड्डू प्रसाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्ष के अंतिम दिनों और नए वर्ष के पहले सप्ताह में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल का प्रसाद आसानी से उपलब्ध कराने के लिए मंदिर समिति ने अतिरिक्त प्रसाद काउंटर लगाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही प्रसाद निर्माण इकाई में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर में मिलने वाले भगवान महाकाल के लड्डू प्रसाद की मांग पर्वों, त्योहारों और नए वर्ष के अवसर पर काफी बढ़ जाती है। शुद्ध देशी घी से निर्मित यह लड्डू प्रसाद श्रद्धालु अपने साथ घर ले जाते हैं। हर साल अंग्रेजी नव वर्ष पर देशभर से लाखों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी लाखों दर्शनार्थियों के आने का अनुमान है।



### पिछले वर्ष दो दिनों में 150 क्विंटल प्रसाद की बिक्री हुई थी

प्रसाद निर्माण इकाई में भी लड्डू प्रसाद का अतिरिक्त स्टॉक रखने के लिए अधिक मात्रा में प्रसाद बनाने का काम शुरू हो गया है। सामान्य दिनों में यहां करीब 50 से 60 क्विंटल प्रसाद तैयार होता है, जबकि विशेष अवसरों पर अलग से निर्माण किया जाता है। मंदिर समिति 400 रुपए प्रति किलो के भाव से प्रसाद का विक्रय करती है। यह प्रसाद 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम और एक किलो के पैक में उपलब्ध रहता है। पिछले वर्ष दिसंबर के अंतिम दिन और नए वर्ष के पहले दिन, दो दिनों में 150 क्विंटल प्रसाद की बिक्री हुई थी, जिससे मंदिर समिति को लगभग 70 लाख रुपए की आय हुई थी।



### समिति आठ प्रसाद काउंटरों के अतिरिक्त काउंटर लगाएगी

समिति हर वर्ष की तरह इस बार भी वर्ष के अंतिम दिन और नए वर्ष के पहले दिन मंदिर परिसर में स्थित आठ प्रसाद काउंटरों के अतिरिक्त काउंटर लगाएगी। ये काउंटर बड़ा गणेश मंदिर और विक्रमादित्य टीले के पास सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर होंगे। इस बार अधिक भीड़ के अनुमान को देखते हुए उसी आधार पर तैयारियां की जा रही हैं।

### सांसद खेल महोत्सव शुरू

## सांसद शंकर लालवानी ने कहा- खेल के साथ सीखना भी जरूरी, हार हमें अनुभव देता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खेल संस्कृति को जन आंदोलन का रूप देने के लिए देशभर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रेणी में इंदौर में यह आयोजन वैष्णव महाविद्यालय में हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के अंश बताते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि खेल के साथ सीखना भी जरूरी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहते हैं कि हार हमें अनुभव देता है। हमें खेलना भी है और सीखना भी है।

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव की एक और खास बात है, वो है समाज की सोच बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना। स्पर्धा के समन्वयक कपिल जैन ने बताया कि पीएमओ से इंदौर सहित कुछ अन्य शहरों को स्पेशल केटेगरी में रखा गया है। इंदौर में भी टू वे कान्फ्रेसिंग सिस्टम लगाया गया है। सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में आयोजित खेल महोत्सव का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं कराना नहीं, बल्कि खेल को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना, युवाओं को फिटनेस से जोड़ना और छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाना है। इस बार लगभग 1000 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी सांसद खेल महोत्सव से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री का यह संवाद खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएगा।

## सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर हुई श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा की बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा परिसर में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसका नेतृत्व महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज ने किया। मां शिप्रा का पूजन कर बैठक शुरू हुई। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दवाइयां, स्वास्थ्य सुविधाएं, शुद्ध पेयजल, और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। राहुल नाथ महाराज ने कहा संत समाज को सरकार के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान देना चाहिए। 2028 सिंहस्थ की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बैठक में साईंनाथ महाराज, भैरव गिरि महाराज, रवि गिरि महाराज, काटकर महाराज, नीतेश गिरि महाराज, शिवाजी महाराज, सहयोग गिरि महाराज, राजेश्वर नाथ महाराज (त्र्यंबकेश्वर), राजू महाराज (बुलढाणा), भरत गिरि महाराज (बुलढाणा), वेदांत गिरि महाराज, कामाख्यापुत्र हिमालय गिरि बाबा सहित साधु-संत उपस्थित थे।

## युवती की आत्महत्या की जांच में सुप्रीम कोर्ट की अवमानना



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर हाई कोर्ट ने एक युवती की आत्महत्या के मामले में आजाद नगर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना मानते हुए पुलिस कमिश्नर इंदौर को 12 जनवरी को तलब किया है।

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की सिंगल बेंच ने आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवती ने अपने प्रेमी विकास के शादी से इनकार करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि पुलिस ने जांच में आरोपी का मोबाइल जब्त नहीं किया और उसके माता-पिता को भी आरोपी नहीं बनाया।


### आरोपी के कई लड़कियों से संबंध रहे

मृतका के माता-पिता के बयान में बताया गया कि उनकी बेटी पिछले दो साल से आरोपी के साथ रिश्ते में थी। जब वे शादी की बात करने आरोपी के घर गए तो उसके माता-पिता ने 50 लाख रुपए की मांग की और यह कहकर शादी से इनकार कर दिया कि उनके बेटे के कई लड़कियों से संबंध हैं। इस घटना से आहत होकर युवती ने यह कदम उठाया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बाद में आरोपी की ओर से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई। जमानत सुनवाई के दौरान मृतका के माता-पिता की ओर से अधिवक्ता मनीष यादव, संतोष यादव और करण बैरागी ने दलील दी कि पुलिस ने आरोपी को बचाने के इरादे से मोबाइल जब्त नहीं किया और इसी कारण उसके माता-पिता को भी आरोपी नहीं बनाया गया।

### 12 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

कोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच अधिकारी को तलब किया था। जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा और बाद में आरोपी और मृतका के बीच हुई चैट के आधार पर आरोपी को 12 जनवरी 2026 तक अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख भी 12 जनवरी तय की है और उस दिन पुलिस कमिश्नर इंदौर को खुद उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कोर्ट ने आजाद नगर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली को सुप्रीम कोर्ट की अवमानना मानते हुए कड़ी टिप्पणी की है।





# यीशु एक बहता दरिया

यीशु मसीह कौन हैं? यह प्रश्न सदियों से बार-बार पूछा गया है और इसका उत्तर भी दिया गया है। लेकिन प्रश्न पूछने वाले गलत थे और उत्तर देने वाले भी, क्योंकि प्रश्न एक विशेष पूर्वाग्रह से प्रेरित था और उत्तर भी। दोनों मूल रूप से भिन्न नहीं थे; उनका स्रोत एक ही था। यह सवाल उन लोगों ने पूछा था, जिन्हें यीशु के ईश्वरत्व पर संदेह था और इस सवाल का जवाब उन लोगों ने दिया, जो यीशु के मनुष्य होने पर विश्वास करने को तैयार नहीं थे। वे केवल उनके आधे हिस्से पर ही यकीन करने को राजी थे। यहूदी उन्हें मनुष्य मानने को तैयार थे, और ईसाई उन्हें ईश्वर मानने को। यहूदी उनके आधे मसीह वाले हिस्से को नकार रहे थे और ईसाई दूसरे हिस्से, यानी यीशु वाले हिस्से को नकार रहे थे।

आखिर यीशु मसीह कौन हैं? ईसाई उन्हें यीशु, मनुष्य के पुत्र के रूप में नहीं देखना चाहते; मांस, रक्त और हड्डियों से बने मनुष्य के रूप में, अन्य मनुष्यों की तरह मनुष्य के रूप में, और यहूदी उन्हें ईश्वर के रूप में, शुद्ध चेतना से निर्मित, मांस, रक्त और हड्डियों से नहीं, स्वीकार नहीं करना चाहते थे। किसी ने भी यीशु को उनके संपूर्ण स्वरूप में स्वीकार करने की इच्छा नहीं दिखाई। यह बात केवल यीशु के साथ नहीं है, बल्कि सभी गुरुओं, बुद्ध, कृष्ण, जरथुस्त्र के साथ भी है। जब तक आप यीशु को उनके संपूर्ण स्वरूप में अपने भीतर समाहित नहीं होने देंगे, तब तक आपका रूपांतरण नहीं होगा। जब तक आप उन्हें उनके वास्तविक स्वरूप में स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक आप उनसे संपर्क नहीं कर पाएंगे। यीशु, यीशु भी हैं और मसीह भी और उन्हें इस बात का कोई संकोच नहीं है।

बाइबल में कई बार वह कहते हैं, मैं मनुष्य का पुत्र हूं और उतनी ही बार वह यह भी कहते हैं, मैं परमेश्वर का पुत्र हूं। ऐसा लगता है कि उन्हें इस बात का जरा भी आशय नहीं है कि इन दोनों में कोई विरोधाभास है। वास्तव में, कोई विरोधाभास नहीं है। विरोधाभास हमारे मन में है। उनका अस्तित्व दृश्य और अदृश्य, ज्ञात और अज्ञात के बीच समतावादी है। यीशु और मसीह दो किनारों के समान हैं और किसी नदी का प्रवाह तभी संभव है, जब दो किनारे हों। यीशु वह नदी हैं, जो इन दोनों किनारों के बीच बहती है: दोनों किनारे उनके हैं। वह उनके बीच विद्यमान हैं।

यीशु मसीह कौन हैं- ईश्वर या मनुष्य? इस बाबत पूछे गए सभी प्रश्न गलत थे, और उनके उत्तर भी गलत थे। क्यों? क्योंकि प्रश्न या तो यहूदी ज्ञान से या मुस्लिम ज्ञान से या हिंदू ज्ञान से आए थे और उत्तर ईसाई ज्ञान से आए। ज्ञान इसका उत्तर नहीं दे सकता। वह शक्तिहीन है। इतने महत्वपूर्ण प्रश्न केवल भोलेपन से पूछे जा सकते हैं, ज्ञान से नहीं। इस अंतर को समझना आवश्यक है।



सम्पादकीय

## अंतरिक्ष में भारत

भारत की धरती से अब तक के सबसे भारी उपग्रह का एलवीएम3-एम6 से सफल प्रक्षेपण एक बहुत बड़ी कामयाबी है। इससे न केवल भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि भारत में विज्ञान की बुनियाद को भी बल मिलेगा। अमेरिका का ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित करने में मिली यह सफलता विश्व स्तर पर उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में भारत के स्थान को सुनिश्चित करेगी। भारत अब तक अनेक देशों या कंपनियों के लिए प्रक्षेपण मंच के रूप में काम करता रहा है, लेकिन आम तौर पर छोटे उपग्रहों को ही कक्षा में स्थापित करने में भारत की विशेषज्ञता रही है, पर अब बड़े उपग्रहों के प्रक्षेपण के मोर्चे पर भी भारत का दावा मजबूत हो गया है। यह उपग्रह करीब 6,100 किलोग्राम वजन का है, जिसे बाहुबली की भी संज्ञा दी जा रही है। कोई आश्चर्य नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में जगह बनाने की ओर संकेत किया है। बहुत जरूरी है कि भारत अपने अंतरिक्ष विज्ञान विकास से अर्थव्यवस्था को बल प्रदान करे।

जिस भारी-भरकम उपग्रह को प्रक्षेपित किया गया है, वह अगली पीढ़ी का उपग्रह है। इसके द्वारा अंतरिक्ष आधारित सेलुलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सीधे मोबाइल स्मार्टफोन तक पहुंच सकेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में स्थित प्रक्षेपण व्यवस्था ने अपनी योग्यता को फिर प्रमाणित किया है। ऐसी ही प्रक्षेपण सुविधा एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी भी देती है, लेकिन अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल इंक ने प्रक्षेपण के लिए इसरो को तरजीह दी है। यह स्पष्ट संकेत है कि स्वयं अमेरिकी कंपनियां स्पेसएक्स का विकल्प खोज रही हैं। नासा के पास जो विकल्प है, वह कमजोर पड़ रहा है। नासा की स्पेसएक्स पर बढ़ती निर्भरता हम पहले देख चुके हैं। सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष केंद्र से वापस धरती पर लाने के अभियान के समय स्पेसएक्स की बड़ी भूमिका रही थी। हम यह बात जानते हैं कि अमेरिकी कंपनियां सदैव अपना फायदा देखती हैं और उन्हें इसरो की सेवा ज्यादा फायदेमंद लगी है, तभी ऐसे बाहुबली उपग्रह को प्रक्षेपित करने की जिम्मेदारी भारत के हिस्से आई है। मतलब, इसरो दुनिया की बड़ी प्रक्षेपण सुविधाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में पहुंच रहा है। अमेरिकी कंपनियां ही नहीं, दुनिया के अनेक देश हैं, जो भारत के सस्ते और अच्छे प्रक्षेपण विकल्प का लाभ उठाना चाहेंगे।

कुटिल चाल का नेतृत्व

## कट्टरपंथियों के साथ हैं बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस

बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास को सिरफिरे मुस्लिम कट्टरपंथियों ने सरेआम पीट पीट कर न केवल मार डाला बल्कि उसे पेड़ पर लटका कर आग के हवाले कर दिया। दीपू ऐसा अकेला हिंदू नहीं है, इसके पहले जुलाई - अगस्त 2024 में हुए हिंदू नरसंहार में ऐसे अनेक अनेक दीपू न केवल मार डाले गए बल्कि हिंदू महिलाओं के साथ ज्यादतियां की गईं और हिंदुओं के घर और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया था। 2024 का वही मंजर कट्टरपंथी दोहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। बांग्लादेश पिछले एक साल से हिंसक प्रदर्शनों और भारत विरोध में मुस्लिम कट्टरपंथियों की गिरफ्त में है। यह सब तब हो रहा है जब शेख हसीना सरकार का कट्टर विरोधी, इंकलाब मंच का संस्थापक प्रवक्ता और भारत का घोर विरोधी शरीफ उस्मान हादी की 12 दिसंबर को अज्ञात हमलावरों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसकी सिंगापुर में 18 दिसंबर को इलाज के दौरान मौत हो गई। वस्तुतः वह बांग्लादेश में 2024 के कथित छात्र आंदोलन के प्रमुखों में से एक माना जाता है। हादी की मौत के बाद कट्टरपंथी बेकाबू हो गए और बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं जिनमें ढाका के साथ-साथ कई अन्य जगहों और बांग्लादेश के दो प्रमुख अखबार प्रोथोम आलो और डेली स्टार के दफ्तरों को आग के हवाले कर दिया गया। हादी के जनाजे में हजारों की भीड़ ने भारत विरोधी नारे लगाए। नमाजे जनाजा में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी शामिल हुए और एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को चुनाव होने हैं लेकिन ऐसे हालातो में यह कहना मुश्किल है कि वे निर्बाध संपन्न हो पाएंगे या नहीं। आज की स्थिति में बांग्लादेश पूरी तरह से कट्टरपंथियों की गिरफ्त में है। जानकारों का मानना है कि यह सब पाकिस्तान के सीडीएफ (चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स) आशिम मुनीर और आईएसआई के इशारे पर हो रहा है। हादी की मौत को मुद्दा बनाकर बांग्लादेश के कट्टरपंथी भारत विरोध में अंधे हो गए हैं। उनका मानना है कि हादी को भारत में रह रही शेख हसीना ने सरकार की मदद से मरवाया है। जबकि सच्चाई इसके विपरीत यह है कि मुनीर और पाक आईएसआई ने ही हादी को मरवाया है और हत्या का आरोप षडयंत्र पूर्वक पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारत पर लगाया जा रहा है। बांग्लादेश वर्तमान में पाकिस्तान की कठपुतली बनता जा रहा है और कट्टरपंथी भारत और हिंदुओं को टारगेट कर रहे हैं।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

पाकिस्तान पिछले 11 वर्षों से जब से भारत में मोदी सरकार आई है भारत के विरुद्ध अपनी कुटिल चालों में सफल नहीं हो पा रहा है। 2014 के पहले पाकिस्तान का हर सियासतदा और सेना प्रमुख भारत के खिलाफ खुलकर न केवल आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते थे बल्कि पाकिस्तान की आर्थिक निर्भरता भारत की नकली करेंसी हुआ करती थी। जब से मोदी ने भारत की बागडोर संभाली है तबसे पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। नोटबंदी के कारण पाकिस्तान में फेक करेंसी कूड़े के ढेर में तब्दील हो गई तो आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति ने पाकिस्तान की एटमी अकड़ और धमकियों की नीति को रसातल में पहुंचा दिया है। यही नहीं 2014 के पहले जो भारत अपने देश में पाकिस्तान की हर आतंकी घटना के बाद डोजियर सौंप कर और समझौते की मेज पर बैठकर पाकिस्तान की ज्यादतियां भारत में मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए सहन करता था वह मोदी कार्यकाल में पूरी तरह से बंद हो गया। यही नहीं दो बार सर्जिकल और एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान को घर में घुसकर मारने से सबक सिखाने के कारण पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेइज्जत होना पड़ा तथा अप्रैल 2024 के पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तानी एयरबेस और आतंकी अड्डों को तहस-नहस कर तथा आयुध सामग्री और लड़ाकू विमानों को नष्ट कर भारत ने ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में मुंह दिखाने के काबिल भी ना रहा। यही नहीं पाकिस्तान का हर एक सियासतदा और फौज का सर्वेसर्वा और हर एक जवान 1971 की जंग में जनरल टिक्का खान के साथ 93000 सैनिकों के आत्मसमर्पण की टीस को कभी भुला नहीं पाया। यह बार-बार उसे बेइज्जती का एहसास कराती है। ये सब बातें तब तक कभी पाकिस्तानियों को पीड़ा दायक नहीं रहीं जब तक वह भारत में आतंकवाद फैलाता रहा या फेक करेंसी भारत में खपाता रहा। लेकिन इन पिछले 11 वर्षों में जिस बेज्जती से पाकिस्तान भीख का कटोरा पकड़ने को मजबूर हुआ है तब से वह भारत के विरुद्ध बांग्लादेश की आड़ में अपने भारत विरोधी एजेंडा को सेट करना चाह रहा है। यही कारण है कि उसने अभी हादी को मौत के घाट उतरवा कर भारत के विरुद्ध कट्टरपंथियों को सक्रिय कर दिया। जुलाई-अगस्त 2024 में कथित छात्र आंदोलन के नाम पर हिंदुओं के विरुद्ध खून खराबा करवाया और अब बांग्लादेश में चुनावों की घोषणा के बाद एक बार फिर भारत विरोध को हवा देकर हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा को भड़का दिया। बहुत सोची समझी रणनीति के तहत पाक ने बांग्लादेश की प्रेस को भी निशाना बनवाया जिससे सच्चाइयां बाहर ना आ सकें। यही नहीं हादी को कट्टरपंथी इसलिए पसंद कर रहे थे क्योंकि उसने सोशल मीडिया का उपयोग कर ग्रेटर बांग्लादेश का एक नक्शा प्रचारित किया था जिसमें पूर्वोत्तर भारत को ग्रेटर बांग्लादेश का हिस्सा बताया था। निश्चित ही हादी कट्टरपंथियों में इन मांगों के कारण और अपनी पार्टी इंकलाब मंच से भारत विरोधी मंसूबों के कारण लोकप्रिय था। मुनीर और आईएसआई ने इस कट्टरपंथी लोकप्रिय नेता को मरवाकर बांग्लादेश में भारत विरोध और हिंदू विरोध को चरम पर पहुंचा दिया। बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूनुस कहने को एक नोबलिस्ट हैं लेकिन वह पढ़े-लिखे आतंकी लादेन की तरह ही एक कट्टरपंथी हैं जो वर्तमान बांग्लादेश में चरमपंथी गुटों का समर्थन कर भारत विरोधी माहौल को हवा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उनका हादी के जनाजे में जाना, उसे शहीद का दर्जा देना और ढाका विश्वविद्यालय के बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान हॉल का नाम बदलकर शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल करना इस बात की ओर संकेत करता है कि मोहम्मद यूनुस जिहादी मानसिकता के कट्टर समर्थक और भारत और हिंदुओं के कट्टर विरोधी हैं। सभी जानते हैं कि मोहम्मद यूनुस ने उन सभी जेहादियों और कट्टरपंथियों को कार्यवाहक बनते ही जेलों से रिहा कर दिया था जिन्हें मुल्क की बेहतरी के लिए शेख हसीना ने जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया था। दूसरी ओर पाकिस्तान बांग्लादेश में अस्थिरता से भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर दबाव बढ़ाकर भारत की कठोर कार्रवाईयों से बचने की जुगत कर रहा है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है की कट्टरपंथी चाहते हैं कि बांग्लादेश की सत्ता उनके हाथ में हो।

## सिस्टम का पवित्र उपवास

रामसहाय तिवारी उपवास बहुत रखते थे। इतना कि उनके पेट में भूख नहीं, सिद्धांत गूंजते थे। वे जब कहते–मैं किसी से कुछ नहीं लेता–तो लोग भावुक हो जाते। यह कोई नहीं पूछता कि वे दिलवाते कितना हैं। उनका उपवास शरीर का नहीं, जमीर का होता था–जिसे वे समय-समय पर तोड़ते रहते थे।

कार्यालय में रामसहाय जी की बड़ी इज्जत थी। कारण साफ था–वे किसी काम को मना नहीं करते थे, बस उसे टाल देते थे। टालने में उन्हें गहरी आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती थी। फाइल उनके हाथ में ध्यान-मुद्रा में चली जाती थी–न आगे, न पीछे। लोग कहते–बड़े सिद्ध पुरुष हैं, बिना कारण कुछ नहीं करते।

एक दिन घोषणा हुई–

भ्रष्टाचार के विरोध में सामूहिक उपवास।

रामसहाय जी को मंच पर बैठाया गया। माला, माइक और मीडिया–सब व्यवस्थित। उन्होंने आँखें बंद कीं। कैमरे खुले।

उपवास शुरू हुआ।

नीचे भीड़ में एक महिला खड़ी थी। उसकी फाइल तीन महीने से उपवास पर थी। वह बोली– साहब, मेरा काम?

रामसहाय जी ने आँखें खोले बिना कहा–

बहन, अभी हम आंदोलन में हैं।

आंदोलन बहुत पवित्र था–उसमें किसी का काम नहीं हो सकता था।

शाम को उपवास टूटा। फल, जूस और खबरें। रामसहाय जी ने बयान दिया–

भ्रष्टाचार समाज की सबसे बड़ी बीमारी है।

बीमारी शर्मिंदा हो गई–इतने स्वस्थ शब्द उसने पहले नहीं सुने थे।

अगले दिन कार्यालय खुला। सब कुछ सामान्य। फाइलें फिर ध्यान में चली गईं। महिला फिर आई।

रामसहाय जी बोले–

कल तो आप देख ही रही थीं, हम कितने सिद्धांतों में डूबे थे।

महिला चुप रही। सिद्धांत बोल रहे थे।

कुछ दिन बाद रामसहाय जी को सम्मान मिला–

नैतिक संघर्ष के प्रतीक

उन्होंने विनम्रता से सिर झुकाया–इतना कि जमीन फिर दिखाई न दे।

समाज खुश था।

उसे लड़ाई नहीं चाहिए थी,

उसे उपवास चाहिए था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 दिसंबर 2025 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:10 सूर्यास्त 17:46
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - षष्ठी 13:44 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - शतभिषा 09:01 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - सिद्धि 14:01 उपरांत व्यतिपात
करण - तैतिल
चन्द्रमा - कुंभ में है। 27:10 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 05 तारिख

**मेष-** पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृषभ-** तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा।

**मिथुन-** चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी। आलस्य हावी रहेगा।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा।

**सिंह-** भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**कन्या-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**तुला-** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी।

**वृश्चिक-** पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**धनु-** किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे।

**मकर-** कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी।

**कुंभ-** नए मित्र बनेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। आय बनी रहेगी। हर कार्य बेहतर होगा।

**मीन-** मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। वरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## नीति नेतृत्व नियत के साथ आस्था का गठजोड़ भारत को प्रदूषण-मुक्त बना सकता है

प्रदूषण आज केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, सामाजिक संतुलन और सभ्यता के अस्तित्व की निर्णायक रेखा बन चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण विश्व-भर में लगभग 68 लाख असामयिक मौतें हुईं, जिनमें भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से भी अधिक है। यह स्थिति किसी एक शहर या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपदा का रूप ले चुकी है।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

विडंबना यह है कि हम पर्यावरण प्रदूषण पर पाठ्य-पुस्तकों में पढ़ते हैं, शोध संगोष्ठियों में विमर्श करते हैं, संसद में इस पर चर्चा की मांग उठाते हैं और समय-समय पर प्रदूषण-मुक्ति के संकल्प भी लेते हैं, किंतु जन-व्यवहार में वास्तविक सुधार की बात प्रायः हाशिये पर चली जाती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 2024 के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि देश के 39 प्रमुख शहरों में से 31 शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (ऐक्यूआई) 300 से ऊपर, अर्थात गंभीर श्रेणी में पहुंच चुका है। यह भी निर्विवाद सत्य है कि जल, भूमि, वायु और ध्वनि प्रदूषण के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मानव गतिविधियां ही मुख्य रूप से उत्तरदायी हैं। इसके बावजूद नागरिक, नेतृत्व और संस्थाएं प्रदूषण की आहट, उसके दुष्परिणामों और भविष्य के खतरों के प्रति प्रायः उदासीन ही दिखाई देते हैं। पिछले कुछ दशकों में भारत में राजनेताओं, फिल्मी सितारों, खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स, धर्मगुरुओं, मीडिया एंकरों, उद्यमियों, शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों का सामाजिक प्रभाव उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। विभिन्न सामाजिक अध्ययनों से संकेत मिलता है कि इन प्रभावशाली व्यक्तियों के समर्थन से संचालित जन-जागरूकता अभियानों की सफलता की संभावना 30 से 50 प्रतिशत या उससे भी अधिक हो सकती है, क्योंकि ये जनमानस की सोच और व्यवहार को दिशा देने की क्षमता रखते हैं। आदर्श स्थिति यह है कि ऐसी हस्तियां किसी आर्थिक या प्रचारात्मक लोभ से परे, इसे अपना सामाजिक कर्तव्य समझकर आगे आएं। कुछ लोग इस दिशा में प्रयासरत भी हैं, किंतु भारत जैसी विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए यह संख्या अभी नगण्य है। स्वच्छ भारत अभियान ने यह सिद्ध किया है कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और जन-भागीदारी एक साथ आती हैं, तो व्यवहार में परिवर्तन संभव है। उसी तर्ज पर यदि प्रदूषण-मुक्त भारत अभियान को नीति, कानून और नेतृत्व के साथ जमीन पर उतारा जाए तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नियम पुस्तकों से निकलकर सड़कों और घरों तक पहुंचें, तो जन-व्यवहार में बदलाव निश्चित रूप से देखा जा सकता है।

भारतीय परंपरा में धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन-शैली है। ऋग्वेद का मंत्र माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः , मनुष्य को पृथ्वी का उत्तरदायी पुत्र घोषित करता है। अथर्ववेद का पृथ्वी-सूक्त पंचमहाभूतों के संतुलन को जीवन का आधार मानता है। हमारी सांस्कृतिक चेतना में नदियां माता हैं, वृक्ष देवतुल्य हैं और पर्वत आराध्य हैं। जैन धर्म का अहिंसा सिद्धांत केवल मानव तक सीमित नहीं, बल्कि समस्त जैविक घटकों के प्रति करुणा और संरक्षण का संदेश देता है। बौद्ध धर्म का मध्यम मार्ग अंध-उपभोग और संसाधनों के अति दोहन से विरत रहने की प्रेरणा देता है। सिख धर्म में गुरु नानक देव का वचन पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत, पर्यावरण को परिवार का अंग मानकर उसके प्रति जिम्मेदार आचरण की सीख देता है।

## युवाओं में बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित करना समय की मांग

एक जमाना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे! आज भी यह देखता हूं कि यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों,पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है !और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति, आज उस जमाने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन, इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है, उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की,यह थी टिकाऊ जीवन शैली।



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद जरूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोर्टिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली का नतीजा हमारे सामने माननीय पीएम द्वारा उल्लेखित 126 वर्षीय पदम पुरस्कार से सम्मानित बाबा शिवानंद का है जो पूरे विश्व के सामने एक मिसाल कायम है।

हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज्जा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं।हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों पुराने जमाने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें।

अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा दादा जी तुम तो पुरानी मजबूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है,तुम पुराने जमाने के सोने के अंडे खाए,लाभ पाए हो, इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीर को मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें।

साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेंर्ड- 1,40,100, रवा- 1,40,000 चांदी-टंच- 2,21,300 पाट- 2,21,000।

धर्म-आस्था

## सद्गुणी जीवन जीना ही अंततः आनंदमय जीवन जीना है

हमारे मूल में तो शांति, संयम और स्थिरता विद्यमान है। हमारी आत्मा निर्मल और शांत नदी-तल की भाँति है, जो स्वाभाविक रूप से सद्गुणी कर्मों की ओर प्रवृत्त रहती है। समस्या तब शुरू होती है जब इस आंतरिक नदी में सांसारिक द्वेष और विकार मिल जाते हैं।हमारी चेतना का एक छोटा सा हिस्सा हमारे अंधेरे पक्ष से भी जुड़ा रहता है, इसलिए अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष सदा बना रहता है। अंततः यह इस पर निर्भर करता है कि हम किस पक्ष को पोषित करते हैं। जिसे हम अधिक ध्यान और ऊर्जा देते हैं, वही प्रभावी हो जाता है।



कुछ सार्वभौमिक सामाजिक सद्गुण ऐसे हैं जो जीवन को अधिक आनंदमय बनाते हैं। ये कठोर नियम नहीं, बल्कि शाश्वत गुण हैं–ऐसे व्यापक सिद्धांत जो हमें गरिमा, संतुलन और समत्व से भरे जीवन की ओर ले जाते हैं।

अहिंसा सभी सद्गुणों में सर्वोच्च है। इसका अर्थ है–विचार, वाणी और कर्म से किसी को भी हानि न पहुँचाना, चाहे वह मनुष्य हो, पशु हो या स्वयं प्रकृति। सूक्ष्म स्तर पर अहिंसा का अर्थ है स्वयं को भी नकारात्मक विचारों और आंतरिक अशांति से चोट न पहुँचाना। सच्ची अहिंसा आंतरिक शांति की अवस्था है, जिससे करुणा स्वतः बाहर की ओर प्रवाहित होती है।

सत्य हर सार्थक संबंध की नींव है। जो सत्य से उत्पन्न होता है, वही स्थायी आनंद का स्रोत बनता है। सत्य स्वयं कभी कड़वा नहीं होता; उसे कड़वा बनाती हैं हमारी ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ। जब सत्य किसी का स्वभाव बन जाता है, तो वह विनम्रता, सम्मान और प्रेम-सदृश आंतरिक शांति को जन्म देता है। संगति–शारीरिक और मानसिक–हमारे चरित्र और भाग्य को आकार देती है। हमारे विचार, प्रवृत्तियाँ और कर्म, जिनके साथ हम रहते हैं और जिन विचारों को अपनाते हैं, उनसे गहराई से प्रभावित होते हैं। जैसे कोई चित्रकार सामंजस्य रचने के लिए रंगों का चयन सोच-समझकर करता है, वैसे ही आनंदमय जीवन के लिए संगति का चयन विवेकपूर्ण होना चाहिए। अंततः संगति का अर्थ अपने अंतरात्मा से जुड़ना भी है।

निर्भयता एक विकसित की गई मानसिक अवस्था है। अहंकार से उत्पन्न निर्भयता विनाशकारी होती है, जबकि प्रेम, नैतिकता और परिश्रम से जन्मी निर्भयता पवित्र होती है। भय क्षमता और आकांक्षा के बीच दीवार खड़ी कर देता है। जब अंतरात्मा और नैतिक दृढ़ता के मार्गदर्शन में निर्भयता आती है, तो वह आनंद, शक्ति और सामंजस्य का स्रोत बनती है।

मौन सबसे गहन सद्गुणों में से एक है। यह अपने आप में पूर्ण अभिव्यक्ति है, जिसमें सभी भावनाएँ समाहित हो सकती हैं। सचेत रूप से अपनाया गया मौन स्पष्टता, गरिमा और आंतरिक समाधान प्रदान करता है। विवेकपूर्वक प्रयोग किया गया मौन भ्रम को शांत करता है और जिम्मेदारी से पलायन नहीं, बल्कि विवेक को सुदृढ़ करता है।

स्थिरता आनंदमय जीवन के लिए अनिवार्य है। शरीर भले ही स्थिर दिखाई दे, मन प्रायः चंचल और डगमगाता रहता है। सच्ची स्थिरता मानसिक संतुलन, तर्कशीलता और निरंतरता में निहित है। जब मन आत्मा से एकरूप हो जाता है, तब व्यक्ति संतुलन और आंतरिक समत्व प्राप्त करता है। क्षमा सर्वोच्च सद्गुण है, जिसके बिना अन्य सभी सद्गुण अपना सार खो देते हैं। द्वेष और कटुता को पकड़े रखना वर्तमान और भविष्य–दोनों पर बोझ डालता है। क्षमा भीतर के भार को सचेत रूप से छोड़ देना है–क्रोध, अपराधबोध और पीड़ित भाव से मुक्ति। यह जीवन को शांत गरिमा और स्थायी आनंद की ओर ले जाती है।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## सरस्वती शिशु मंदिर कोयल में संपन्न हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिर कोयल में ग्राम भारती के तत्वाधान में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आ योजित किया गया कार्यक्रम का शु भारंभ वंदना से शुरू हुआ कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उज्जैन जिला दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका रही विशेष अतिथि मोनिका व्यास कोयल ने कु टुंब प्रबोधन पंच परिवर्तन के बारे में बताया अध्यक्षता प्रेम कुंवर कोयल ने की अतिथियों का स्वागत संध्या शर्मा , निर्जला राठौर ने किया अतिथि परिचय कोमल शर्मा ने दि या कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। मुख्य वक्ता सरोज पोरवाल ने मातृ शक्तियों को जागरूक रहने, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति सजग रहने की बात संदेश कही कार्यक्रम में मातृ शक्तियों एवं बहि नों ने विभिन्न वीरांगनाओं के किर दारों का प्रभावशाली मंचन किया गया जिनमें रानी अहिल्याबाई, रानी लक्ष्मी बाई, हाड़ी रानी, मीराबाई, द्रौपदी मुर्मू आदि रही प्रश्नोत्तरी प्रति योगिता के आयोजन में मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी विद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित मातृ शक्तियों को उपहार दिये गये विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय शर्मा व सभी शिक्षक उपस्थित रहे जान कारी चेनसिह चौहान द्वारा दी गई।

## 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता: गुना में हलचल शुरू



**गुना।** खेल के क्षेत्र में गुना जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 दिसंबर 2025 तक गुना में किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में प्रतियोगिता स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने सहायक संचालक सुश्री प्रेरणा गुप्ता पहुंचीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्नाटक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय, उड़ीसा, सीआईएससीई मणिपुर, सीबीएसई महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश की टीमें गुना पहुंच चुकी हैं। शेष राज्यों की टीमें रात्रि तक एवं 25 दिसंबर तक गुना पहुंचेंगी।

## प्रभु यीशु ने जो शांति का संदेश दिया आज के परिपेक्ष में सबसे महत्वपूर्ण–सैमसन दास



**देवास।** प्रभु यीशु ने जो शांति का संदेश दिया वह आज देश ही नहीं पूरे विश्व के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है जिस दौर से आज हम गुजर रहे हैं इस दौर में आपसी प्रेम और सद्भाव की सर्वाधिक आवश्यकता है और यही प्रभु यीशु ने हमे बताया था। उक्त विचार ग्रेस चर्च के फादर सैमसन दास ने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में क्रिसमस के अवसर पर उन्हें बधाई के साथ फूलों का गुलदस्ता भेंट करने पहुंचे कांग्रेस जनों से कहे । इसी के साथ कहा कि आज देश में सर्वधर्म समभाव की आवश्यकता है जिस पर काम करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसी के साथ होली की ट्रेनिंग चर्च पहुंचकर वहां के फादर को भी पुष्प गुच्छ भेंट कर क्रिसमस की बधाई दी । इस अवसर पर कांग्रेस नेता रेखा वर्मा प्रदीप चौधरी भगवान सिंह चावड़ा सुधीर शर्मा गुरु चरण सिंह सलूजा रोशन रायकवार ज्ञान सिंह दरबार जाहिद पठान दीपेश कानूनगो अनिल गोस्वामी नीरज नागर ईशान राणा रूपेश कल्याने प्रतीक शास्त्री सुजीत सांगते न ई म एहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## माडल बच्चों के महीनों के शोध मेहनत और लगन का परिणाम– शर्मा

**सारंगपुर।** हम सभी ने देखा कि कैसे छात्रों ने प्रदूषण नियंत्रण, मानव उत्सर्जन तंत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों पर अद्भुत मॉडल बनाए हैं। ये मॉडल सिर्फ लकडी और गत्ते के टुकडे नहीं, बल्कि उनके महीनों के शोध, मेहनत और लगन का परिणाम हैं। इनमें से कई मॉडल भविष्य की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं और समाज को बेहतर बनाने की दिशा दिखाते हैं। उक्त उद्गार स्थानीय शास्त्रीय स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित मॉडल प्रदर्शनी के अवसर पर शिक्षा विभाग के विकासखंड सह समन्वयक नरसिंह शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गौशाला सेवा समिति के सचिव ओम राठी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से भारती एवं महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्रबंधक रमेश चंद जोशी ने की। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं द्वारा 18 प्रकार के मॉडल तैयार किए गए जिनका अतिथियों के सामने बारी-बारी से प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य सुमन जोशी, विज्ञान प्रभारी दीबा अंसारी, संस्था के शिक्षक आनंद जोशी, संतोष जैन, केसरीमल टेलर, अतुल जोशी, कृष्णकांत बामनिया, शैलेंद्र जोशी, रविंद्र जोशी, आनंद उपाध्याय आदि शिक्षक, शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन द्वारा राजगढ़ में पुलिस अधिकारियों की वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक

# आईजी ने सतर्कता, संवेदनशीलता एवं त्वरित प्रतिक्रिया पर दिया विशेष जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन अभय सिंह राजगढ़ जिले के आधिकारिक भ्रमण पर पहुंचे। जिला आगमन पर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

आईजी के भ्रमण के दौरान जिला कंट्रोल रूम, राजगढ़ स्थित सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित एवं प्रमुख पुलिस अधिकारियों की वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित अपराधों, गंभीर प्रकरणों, महिला एवं एससी, एसटी संबंधी मामलों, फील्ड डिप्लॉयमेंट, न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की उपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा एसपी कार्यालय के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### अपराध समीक्षा बैठक में आईजी ने दिए निर्देश

अनुभागवार चालानों की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करने, सभी थानों में गुणवत्ता-पूर्ण अनुसंधान एवं सशक्त अभियोजन पर विशेष जोर दिया साथ ही गंभीर अपराधों में उचित पर्यवेक्षण एवं समयबद्ध अनुसंधान प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए डिजिटल एविडेंस (CCTV फुटेज, मोबाइल डेटा, तकनीकी साक्ष्य) के प्रभावी उपयोग पर बल दिया सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, ब्लैक स्पॉट्स एवं दुर्घटना-प्रवण स्थलों की समीक्षा कर रोकथामात्मक हेतु उपाय। पीड़ित सहायता हेतु सॉलिशियम फंड के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण। क्षेत्र में सक्रिय गुंडा-बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी व कार्रवाई। मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान एवं एनडीपीएस मामलों में त्वरित अनुसंधान। नशे के दुष्प्रभावों की रोकथाम हेतु विशेष अभियानों को और प्रभावी बनाने के निर्देश। चिन्हित/संवेदनशील अपराधों की पृथक समीक्षा एवं शीघ्र निष्कर्ष। लंबित अंधे कत्ल एवं अनसुलझी हत्या के मामलों की गहन समीक्षा कर त्वरित खुलासा करने, बीएनएस, बीएनएसएस के क्रियान्वयन, दस्तावेजी अनुपालन एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा। गोवंश एवं पशु क्रूरता प्रकरणों में पूर्ण सख्ती से कार्रवाई। मर्ग प्रकरणों की समय-सीमा में जांच पूर्ण करने के निर्देश। मालखाने में रखे जप्त माल की सुरक्षा, परीक्षण एवं विधिसम्मत निस्तारण। ऑपरेशन मुस्कान, महिला सुरक्षा एवं बालिका दस्तयाबी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशंसा। जिले के सभी लंबित अपराधों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण। लंबित चालानों को माननीय न्यायालय में समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश। महिला एवं एससी/एसटी प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से कार्रवाई। जप्तशुदा वाहन, खात्मा/खारिजी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण। लघु अधिनियम, जुआ, आबकारी एवं आर्म्स एक्ट के मामलों में सख्त कार्रवाई। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समयबद्ध एवं संतुष्टि पूर्वक निराकरण। सभी समन/स्थाई वारंटों की त्वरित तामील। थाना स्टाफ द्वारा जनता के प्रति विनम्र व्यवहार, त्वरित समस्या समाधान एवं नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियानों का प्रभावी संचालन के निर्देश दिए।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मान

बैठक के दौरान आईजी भोपाल (देहात) जोन अभय सिंह द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, गुणवत्ता-पूर्ण विवेचना एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई करने वाले उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशंसा-पत्र सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। अपने संबोधन में आईजी ने राजगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल को सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।



## नगर आगमन पर युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागता

**उन्हेल।** प्रवास के दौरान उन्हेल अल्प प्रवास पर पधारे युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह,जिला अध्यक्ष अर्पित यादव का यु.का.महासचिव विकास पटेल के नेतृत्व में स्वागत किया गया।यश घनघोरिया के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्हेल का यह पहला दौरा था।युवक कांग्रेस द्वारा उन्हेल में पूरी ताकत के स्वागत किया है प्रदेशाध्यक्ष द्वारा युवक कांग्रेस द्वारा हाल ही में जारी किए गए भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पंचायत चलो कार्यक्रम की जानकारी दी एवं युवाओं से इस मुहिम के तहत गांव- गांव जन जन तक पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल,शहर अध्यक्ष गुड्डू कुरैशी, पूर्व जि. पं.प्रतिनिधि भरत मालवीय,मुकेश जायसवाल,अक्षय जैन,अर्जुन पटेल,विनोद गाजी,पार्षद कन्नू शाह,नासिर शाह,यु.का.नेता वीरेंद्र सिंह देवड़ा,अरुण गुर्जर, लखन पटेल,टीकमसिंह देवड़ा,नरसिंह डाबी,भरत चौधरी, रामप्रसाद चौधरी, अर्जुन सुनेरी,केसरसिंग आंजना,भादर पटेल,पूरालाल पटेल, दीपक पटेल,अमजद खान, इसलियस भाई, सज्जू लाला,शाहनवाज शाह,मनोहर माली,राहुल माली, बंटू भाई आदि मौजूद रहे।।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर किया

# प्रतिमा का लोकार्पण और अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग का नामकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में स्थानीय पीपल चौराहे पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पवार के मुख्य आतिथ्य में तथा क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर और पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव के विशेष आतिथ्य में तथा नपाध्यक्ष श्रीमती लीलादेवी कुशवाह की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेई प्रतिमा का लोकार्पण एवं अटल बिहारी वाजपेई मार्ग का नामकरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नारायण सिंह पंवार ने कहा कि राजनैतिक निर्णय के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेई के पूरे व्यक्तित्व को नहीं समझा जा सकता अटल जी का जीवन यह सीखाता है कि लोकतांत्रिक परंपराओं, राष्ट्रीयता, व्यक्तित्व जीवन में सुचित्रा, सकारात्मक और धैर्य के साथ राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार करना है अटल स्मृति वर्ष हमें यह संकल्प दिलाते हैं कि राजनीति राष्ट्रसेवा और लोक कल्याण का साधन है। आपने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी अजातशत्रु थे उनके जीवन में चाहे पक्ष हो या विपक्ष कोई शत्रु नहीं था नरसिंह राव सरकार में भारत का पक्ष मजबूती के साथ रखने के लिए अटल बिहारी वाजपेई को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भेजा गया था। वाजपेई जी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कार्यों को आगे बढ़ाया। ऐसे राष्ट्रभक्त का जन्म शताब्दी वर्ष पूरे भारत में साल भर मनाया जाएगा। इस मौके पर आपने लोगों को सुशासन की शपथ दिलाई। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने किया। अवसर पर कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पवार नपा अध्यक्ष श्रीमती लीलादेवी-फूलसिंह कुशवाह, भाजपा नेता अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, जगदीश पंवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।




### शासकीय कन्या उमावि में

# नारी सशक्तिकरण और बेटी पढ़ेगी बेटी बढ़ेगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नारी सशक्तिकरण और बेटी पढेगी बेटी बढ़ेगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर पूजन कर पुष्पमाला, दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया गया । अतिथि परिचय के पश्चात मंचासीन मुख्य अतिथी समाजसेवी विजयसिंह गौतम, विशेष अतिथि पुर्व पार्षद विकास यादव, श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई अध्यक्ष अर्जुनसिंह ठाकुर, वरिष्ठ किराना व्यापारी रमेश राठी , समाजसेवी शहजाद शेख , अमृतलाल रावल ,सेवानिवृत्ति वरिष्ठ शिक्षक नंदलाल सतीजा ,भगवतीलाल यादव का विद्यालय के प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे एवं समस्त विद्यालय परिवार के द्वारा पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया पश्चात विद्यालय का अवलोकन करवाया , महिदपुर का गौरव म्यूजियम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मंचासीन अतिथियों के उद्बोधन हुए जिसमें मुख्य अतिथि विजयसिंह गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरी नारी शक्ति स्वरूप बेटियां जो कि आज इस विद्यालय में विभिन्न विधाओं में आत्मरक्षा के गुर सीख रही है उसे विकसित भारत समर्थ नारी सशक्त नारी को विद्यालय परिवार द्वारा चरितार्थ किया जा रहा है वहीं इस प्रकार के शासकीय विद्यालय को मध्यप्रदेश का गौरव भी कहा जा सकता है । महिदपुर का गौरव म्यूजियम में महिदपुर के गौरवशाली इतिहास को सुन्दर दृश्य से सभी अभिभूत होकर खूब प्रशंसा की वहीं विशेष अतिथि के रूप में विकास यादव, अर्जुनसिंह ठाकुर,शहजाद शेख, अमृतलाल रावल के द्वारा भी विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय परिवार के द्वारा छात्राओं को सेवा, सुरक्षा,स्वच्छता एवम आत्मरक्षा के स्रोत को निहारते हुए विद्यालय की प्रशंसा की ।

मंगलवार को कार्यक्रम में संग्रहालय के लिए समाजसेवी विजयसिंह गौतम ने इक्यावन हजार एक सो इक्यावन रुपए स्कूल प्रबंधन को भेंट किया स्कूल के प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे ने राशि ग्रहण की । बालिकाओ द्वारा विभिन्न प्रकार के आत्म रक्षार्थ प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक प्रदीपसिंह राव एवं सहयोगी शिक्षक भारत सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया । विद्यालय मे हुए विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम मे पधारे सभी के प्रति आभार विद्यालय के प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे ने प्रकट किया ।

### भोपाल में संपन्न प्रांतीय आर्य महासम्मेलन में काशीराम आर्य हुए सम्मानित

# सम्मेलन में धर्म, संस्कृति, महिला व युवा सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़

मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा, भोपाल के तत्वावधान में राजधानी भोपाल में 21, 22 एवं 23 दिसंबर को आयोजित प्रांतीय आर्य महासम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस महासम्मेलन में प्रदेशभर से आर्य समाज के विद्वान, संत, समाजसेवी, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन में आगर मालवा जिले से भी प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।सम्मेलन के दौरान आर्य समाज का परिचय, वेद सम्मेलन, महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन एवं राष्ट्र व संस्कृति गौरव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रत्येक दिन का शुभारंभ योग, आसन एवं प्राणायाम सत्र से हुआ।

### काशीराम आर्य को मिला विशेष सम्मान

प्रांतीय आर्य महासम्मेलन के दौरान कानड़ नगर के आर्य समाज के विद्वान प्रचारक काशीराम आर्य ह्यअनलह्ल को समाज में उनके अनुकरणीय कार्य, वैदिक विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक जागरूकता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। काशीराम आर्य को यह सम्मान मिलने पर जिले के आर्य समाजजनों एवं अनुयायियों में आर्य वीर दल में हर्ष का वातावरण रहा।



### आचार्य देवव्रत रहे मुख्य अतिथि

23 दिसंबर को आयोजित मुख्य सत्र में गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वैदिक जीवन मूल्यों, नैतिकता एवं संस्कारों को समाज की आधारशिला बताते हुए आर्य समाज की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### महिला एवं युवा सम्मेलन रहे आकर्षण का केंद्र

महिला सम्मेलन में महिलाओं की शिक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक भूमिका पर विचार रखे गए। वहीं युवा सम्मेलन में युवाओं में बढ़ते तनाव, अनुशासन, नैतिकता एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर सार्थक चर्चा की गई। वेद सम्मेलन में विद्वानों ने वेदों को मानवता का आधार बताते हुए वैदिक सिद्धांतों के पालन पर जोर दिया।

### सकारात्मक संदेश के साथ समापन

सांस्कृतिक सत्रों में भजन, प्रवचन एवं प्रस्तुतियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा आयोजक मंडल द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया, तथा सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।तीन दिवसीय यह महासम्मेलन सनातन धर्म, वैदिक संस्कृति एवं समाज सुधार के संकल्प के साथ संपन्न हुआ, जिसने समाज में सकारात्मक संदेश दिया। साथ ही आगर मालवा जिले के काशीराम आर्य अनल को मिला सम्मान जिले के लिए गौरव का विषय बना।

## छात्र बने सैनिक, माडल स्कूल में प्राचार्य के नेतृत्व में किया सम्मानित

**सारंगपुर।** शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर के छात्र देवेंद्र पिता लखन सिंह निवासी एहसानपुरा एवं लखन लववंशी निवासी जयनगर का अग्निवरी में चयन होने पर स्कूल प्राचार्य बबीता मिश्रा एवं विद्यालय परिवार के सदस्यो द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया एवं बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी गई। इस मौके पर प्राचार्य बबीता मिश्रा ने बताया कि इन छात्रों के अग्नि वीर योजना में चयन से पूरा विद्यालय परिवार उत्साहित है कि राष्ट्र सेवा में भी हमारे स्कूल के बच्चे आगे बढ रहे हैं। इनक कद-काठी और लगन को देखते हुए पहले प्रयास में कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन से सफलता मिली। प्राचार्य ने स्कूल के अन्य युवाओं से अनुशासन और देश सेवा की भावना के साथ सेना में योगदान देने की अपील की। इस मौके पर शिक्षक सुनिल कुमार सक्सेना, कमल राठौर, सिद्धनाथ अम्बावतिया, ममता चौहान, अर्जुन वर्मा, अब्दुल फरीद खान, संतोष भैसानिया, सुखराम बघेल, रोनक खत्री, पुरूषोत्तम पाटीदार, अनुराधा त्रिपाठी, पवन कुमार चौधरी, प्रबल प्रताप सिंह, संगीता वर्मा, जयनारायण गुर्जर, अर्जुन पाटीदार, संदीप कुमार त्रिपाठी, राहुल पाटीदार सहित मंजू मालवीय उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम मकडावन तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 607/1 रकबा 0.58 हैं. स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम मकडावन में स्थित हो कर उक्त सर्वे नंबर 607/1 रकबा 0.58 हैं. में से रकबा 0.50 हैं० परमानन्द पिता बसंतीलाल जाति पाटीदार निवासी ग्राम मकडावन तहसील बडनगर जिला उज्जैन से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**अजय मौर्य एडवोकेट**
**उन्हेल, तहसील उन्हेल, जिला उज्जैन**
**मोबा. 9893257210**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार मोहम्मद सलीम पिता मोहम्मद सुलेमान निवासी 16, नलिया बाखल, छोटी खंदार, उज्जैन ने भवन कमांक-2/1190 नया नंबर-65, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, पथ क्रमांक-1, नागौरी मोहल्ला, उज्जैन 1. श्रीमती शेरबानो पति स्वर्गीय मोहम्मद बशीर 2. मोहम्मर आरिफ पिता स्वर्गीय मोहम्मद बशीर 3. आशिकउद्दीन पिता स्वर्गीय मोहम्मद बशीर 4. मोहम्मद अरशद पिता स्वर्गीय मोहम्मद बशीर निवासी-65, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, पथ कमांक-1, नागौरी मोहल्ला उज्जैन 5. श्रीमती फिरदोस बी पति मोहम्मद नासिर नागौरी पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद बशीर निवासी शफी कालोनी, महिदपुर जिला उज्जैन से क्रय किया हैं अनुबंध निरस्त नही हुआ हैं। श्रीमती शेरबानो पति स्वर्गीय मोहम्मद बशीर द्वारा अनुबंध की समयावधि न्यायालयीन प्रकरण 472-ए/2022 के निराकरण तक के लिये बढाई गई तथा न्यायालय से प्रकरण दिनांक 13.09.2025 को निराकृत करवा लिया गया किन्तु इसकी सूचना मेरे पक्षकार को नहीं दी हैं। मेरे पक्षकार को विक्रय अनुबंधित भवन अधिक कीमत पर अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं इस कारण कोई भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक इत्यादि उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय विक्रय का संव्यवहार उपरोक्त व्यक्तियों से नहीं करें अन्यथा उसके लिये स्वयं उत्तरदायी होंगे । मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर दिया हैं। सूचित हो । दिनांक 25.12.2025

**रवीन्द्र त्रिवेदी, एडव्होकेट**
**14, राधेश्याम भवन, कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबा. 94259-45670**

## जाहिर सूचना

अमृतलाल पिता भेरूलाल जैन के स्वामित्व के मकान नं. 30 स्थित अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, उज्जैन, जो कि, उज्जैन नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा बहादुरगंज उज्जैन में बंधक किया हुआ था, जिसकी ऋण की अदायगी हेतु रुपए 12,80,000/- अक्षरी बारह लाख अस्सी हजार रुपए मेरे पक्षकार विकास पिता श्री पोपटलाल श्रीमार द्वारा उक्त मकान के स्वामी अमृतलाल पिता भेरूलाल जैन को अदा किये थे व उक्त मकान को ऋणभार से मुक्त करवाया गया था, उक्त मकान नं. 30 अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, उज्जैन से संबंधित समस्त असल दस्तावेजात अर्थात रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र आदि मेरे पक्षकार के पास है, उक्त अमृतलाल का स्वर्गवास हो चूका है, उक्त अमृतलाल के वारिसान उक्त मकान को रहन, बय या अन्य प्रकार से हस्तांतरित मेरे पक्षकार द्वारा दी गई राशि को अदा किये बगैर करना चाहते है, जिसका कि, उन्हे कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है, ऐसी स्थिति में उक्त मकान कोई भी व्यक्ति या संस्था आदि क्रय-विक्रय का व्यवहार, अनुबंध-पत्र आदि नहीं करे व अनुबंध आदि करने के पूर्व मेरे पक्षकार से मोबाईल नं. 98930-49502 पर सम्पर्क स्थापित करे, ताकि उक्त विवाद का निराकरण हो सके, यदि उसके उपरांत भी कोई व्यक्ति या संस्था द्वारा उक्त मकान से संबंधित ' कोई अनुबंध आदि किया, तो उक्त दशा में होने वाली हानि की जिम्मेदारी स्वयं संबंधित खरीददार व संस्था की रहेगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक - 25/12/2025

**अंकित जैन एडवोकेट**
**डी-12/32 EWS क्षिप्रा विहार, नागझिरी, उज्जैन**
**मोबा. 75662-37998**



## सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने वाले की सहायता स्वयं परमात्मा करता है

**जगोटी।** सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने वाले की सहायता स्वयं परमात्मा करता है व्यक्ति के जीवन में संघर्ष व परेशानियां आती है लेकिन भगवान ऐसे लोगों के साथ सदैव खड़ा रहता है जो न्याय व सत्य के पथ पर चलते हैं। उक्त उद्गार विधायक दिनेश जैन बोस ने जगोटी से छः किमी पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के दौरान सेवा समिति द्वारा किए सम्मान समारोह में व्यक्त किए। भागवत कथा प्रवक्ता साध्वी सुगणा बाई ने कहा कि जीवन में अच्छे कार्यों का प्रतिफल श्रेष्ठता के साथ मिलता है हमें सदैव अपने को अच्छे कार्यों में संलग्न रहना चाहिए, अच्छे कर्म ही परमात्मा की सही पूजा अर्चना है। इस अवसर पर विधायक बोस ने श्रद्धालुओं की मांग पर मंदिर परिसर में सीमेंट कांक्रीट, नलकूप खनन व मंदिर के पहुंच मार्ग निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हाकमसिंह आंजना, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जीतेंद्र मंडोरा, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी , रजनीश तिवारी,सहित जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह मीण व आभार सेवा समिति अध्यक्ष भेरूसिंह आंजना द्वारा व्यक्त किया।

## वार्ड नं 13 में सीसी रोड का भूमिपूजन नपाध्यक्ष एवं पार्षद ने किया



**खाचरौद।** नगर के वार्ड न.13 में पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा के करकमल से भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश जी ठंना वार्ड पार्षद प्रकाश डाबी, लखन गौहर,राहुल जी मेहता, दशरथ जी वक्तरीय,राजेंद्र जी धाकड़,संजय जी नदेडा, राधे जी जायसवालऔर बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शा.उ.मा.वि. भीलवाड़िया के छात्रों ने सीखा ब्लड ग्रुप जांचने का विज्ञान, 26 लोगों का हुआ परीक्षण



**ब्यावरा।** स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़िया में जीवविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया। संस्था की शिक्षिका श्रीमती कविता यादव ने कक्षा 11वीं और 12वीं के जीवविज्ञान समूह के छात्र-छात्राओं को ब्लड ग्रुप (रक्त समूह) निकालने की विधि का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। इस शैक्षणिक गतिविधि के दौरान न केवल विद्यार्थियों को किट के उपयोग की जानकारी दी गई, बल्कि उनका आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु प्रत्यक्ष परीक्षण भी किए गए। इस दौरान कक्षा के छात्र दीक्षांत वर्मा ने सभी का डेटा एकत्रित करने और रिकॉर्ड संधारित करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। सत्र के अंत तक कुल 24 छात्र-छात्राओं और 2 शिक्षकों के ब्लड ग्रुप की जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई। विद्यालय के प्राचार्य लाखन सिंह यादव एवं स्टाफ ने इस व्यावहारिक शैक्षणिक पहल की सराहना की, जिससे छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल भी सीखने को मिला।

## सांसद खेल महोत्सव में सुसनेर विधानसभा की टीमों का शानदार प्रदर्शन

### सांसद नागर ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**सुसनेर।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सुसनेर विधानसभा क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान हासिल किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग में सांदीपनी स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 25 से 35 वर्ष आयु वर्ग में ओपन स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर सुसनेर का नाम गौरवान्वित किया। विजेता टीमों को राजगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में सांसद रोडमल नागर द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और खेल भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष कालू सिंह नाहरखेड़ा, सरपंच जसवंत सिंह पालड़ा, खेल पर्यवेक्षक सोनू पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, खेल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

दो साल से अटका साढ़े 16 करोड़ का सेतु निर्माण, धीमी चल रही निर्माण की चाल

# राहगीर परेशान, प्रशासनिक स्वीकृति में देरी के कारण 1 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी लागत

### माघ माह के भैंसवा माता मैले, शादी सीजन में होगी परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

दो साल पहले 15 करोड का बजट पा चुके कालीसिंध पुल निर्माण को आगामी वर्ष 2026 में पूरा होने की शहरवासियों सहित एबी रोड से सटे व्यापारियों को उम्मीद है। कालीसिंध सेतु का निर्माण शीघ्र ही शुरू नही किया गया तो माघ माह में लगने वाले मालवा के प्रसिद्ध भैंसवा माता मेले व शादी सीजन के दिनो में राहगीरों, दो पहिया वाहन चालकों सहित बस ऑपरेटरो को जाम का सामना करना पडेगा। वही पुल निर्माण लंबे से अटका होने के कारण इसकी लागत में 1 करोड की लागत की कीमत बढती हुई आंकी जा रही है। हालाकि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने पुल निर्माण की प्रक्रिया, डिजाइनिंग, तकनीकी परीक्षण और टेंडर की सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने की बात मीडिया से कही हैं। वही ठेकेदार को कार्य आदेश जारी होने की जानकारी भी मिली है। लेकिन निर्माण कार्य को लेकर धरातल पर कोई काम होता नही दिखाई दे रहा है। गौतलब है कि सारंगपुर शहर से गुजरने वाले आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर कालीसिंध नदी के ऊपर नवीन पुल निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए 2022-23 में 15 करोड का बजट स्वीकृत हुआ था। प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने से परियोजना अटकी रही, जिससे प्रोजेक्ट देरी से शुरू हुआ। अब एक साल में इस प्रोजेक्ट की लागत 1




करोड 38 लाख रूपए बढ चुकी है। इस प्रोजेक्ट को गति देने के लिए राजनेतिक लोगों ने संबंधित विभागों से चर्चा कर इसे फिर से रफ्तार देने का प्रयास किया। इसके बाद सेतु निगम द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गईं और नई तकनीकी शर्तों, बढती निर्माण लागत और अतिरिक्त कार्यों के चलते यह राशि बढकर 16 करोड 38 लाख 42 हजार रुपए हो गई। उक्त कार्य की निविदा 5 जुलाई 2024 को प्रकाशित की गई थी। यह कार्य राजस्थान के बीकानेर स्थित गोदरा कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। नया पुल न केवल पुराने पुल का विकल्प होगा, बल्कि आने वाले वर्षों में बढते यातायात और सुरक्षित आवागमन की दृष्टि से शहर की बडी आवश्यकता भी पूरी करने में कारगर साबित होगा।

### मजबूत नींव रखने का प्रयास

नदी के भीतर किसी भी बडे पुल के निर्माण से पहले पिलरों की मजबूती के परीक्षण के लिए सर्वे किया जाता है। इसी के तहत करीब 5 माह पहले पोकलेन मशीन से नदी के अंदर लगभग 3 फीट तक खुदाई की गई थी। यह प्रारंभिक जांच पुरानी मिट्टी की परत, पक्का पाया और भार वहन क्षमता को समझने के लिए की गई थी।

> **बोले जिम्मेदार**
>
> सारंगपुर में कालीसिंध नदी पर प्रस्तावित पुल का निर्माण कराना हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है। जल्द ही पुल का निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया जाएगा।
>
> **नेहा गुप्ता**
> **एसडीओ, सेतु निगम, शाजापुर**

सेतु निगम के अधिकारियों ने बताया कि पिलरों की वास्तविक नींव लगभग 10 फीट गहराई तक जाएगी। रिवरबेड की मिट्टी के नमूनों का स्ट्रेंथ टेस्ट किया गया है। जलस्तर और बाढ के समय बहाव का विश्लेषण भी किया जा चुका है। इन सब सर्वे के बाद पुल निर्माण दिसंबर के बाद ही प्रारंभ होगा, क्योंकि मानसून के बाद नदी का जलस्तर स्थिर हो जाता है।

### 375 मीटर लंबा, 6 मीटर ऊंचा बनेगा पुल

लंबाई लगभग 375 मीटर तथा ऊंचाई पुराने पुल से 6 मीटर अधिक रहेगी। इतनी ऊंचाई के बाद बाढ; का पानी का बहाव पुल तक नहीं आ सकेगा। पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का निर्माण भी किया जाएगा। पुल निर्माण के साथ ही रिवरबेड में मजबूत नींव के लिए गहरी पाइलिंग, विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित करने के लिए पोल शिफ्टिंग एंव एलटी लाइन का स्थानांतरण तथा स्ट्रीट लाइट की ऊंचाई बढाना व बिजली सुरक्षा मानकों के अनुरूप नई वायरिंग की व्यवस्था करना भी शामिल है।

मीटर रीडर की मनमानी से जनता त्रस्त, जनसुनवाई में पहुँची शिकायतें

# मीटर रीडर पर फर्जी बिल और धमकियों के आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगरीय क्षेत्र में बिजली विभाग के मीटर रीडर की कार्यप्रणाली से आम जनता खासा परेशान नजर आ रही है।अत्यधिक रीडिंग दर्शाकर भारी-भरकम विद्युत बिल थमाए जाने अवैध वसूली जैसे मामलों से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय, आगर मालवा में आयोजित जनसुनवाई के दौरान इस परेशानी का खुलकर इजहार हुआ।

जनसुनवाई में सुसनेर निवासी विद्युत उपभोक्ता भरत सोनी ने जिला कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वे नियमित रूप से समय पर बिजली बिल जमा करते हैं।इसके बावजूद मीटर रीडर सुरेश प्रजापत वास्तविक रीडिंग से अधिक यूनिट दर्शाकर बिल भेजे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जून माह में विजिलेंस कार्रवाई का हवाला देकर उनसे 15 हजार की अवैध राशि वसूली गई जिसमें 10 हजार ऑनलाइन तथा 5 हजार नगद लिए गए लेकिन इसके बदले कोई वैध रसीद नहीं दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने इस अवैध वसूली और अधिक बिलिंग का विरोध किया तो मीटर रीडर सुरेश प्रजापत द्वारा और अधिक बिल भेजने तथा परेशान करने की धमकी दी गई।

उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी प्रकार से अवैध बिजली उपयोग नहीं करते हैं और प्रशासन चाहे तो उनके घर की जांच करवा सकता है। इसके बावजूद उन्हें लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भरत सोनी ने यह भी बताया कि इस तरह की समस्या केवल उनके साथ ही नहीं, बल्कि कई अन्य उपभोक्ताओं के साथ भी हो रही है। कुछ उपभोक्ताओं को फर्जी रसीदें दी गईं, तो कुछ को बिना कारण अत्यधिक बिल थमा दिए गए। कई बार विद्युत वितरण केंद्र में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। में मौजूद अधिकारियों ने ाामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। वहीं, जनसुनवाई में आए अन्य उपभोक्ताओं ने भी बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मीटर रीडर की कथित मनमानी से परेशान जनता अब प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठी है। यदि शीघ्र ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो उपभोक्ताओं में असंतोष और बढ़ सकता है, जिससे स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

## घने कोहरे की चादर में लिपटा सुसनेर, दिनभर रही कड़ाके की ठंड

**सुसनेर।** नगर में सर्दी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को सुबह घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। तड़के से ही चारों ओर धुंध छाई रहने के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई। जिससे आम जनजीवन प्रभावित रहा। सड़कों पर चलने वाले वाहनों को लाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा, वहीं सुबह की दिनचर्या पर भी इसका असर साफ दिखाई दिया। कोहरे और कड़ाके की ठंड के चलते लोग घरों में दुबके रहे। आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों में पूरी तरह लिपटे नजर आए। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती। सुबह के समय चाय की दुकानों और अलाव के आसपास लोगों की भीड़ देखी गई जहां लोग ठंड से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। करीब सुबह 9 बजे हल्की धूप निकलने पर कोहरे में कुछ कमी आई, जिससे लोगों को आंशिक राहत जरूर मिली। हालांकि धूप तेज नहीं होने के कारण ठंड का असर पूरे दिन बना रहा। हल्की धूप के बावजूद सर्द हवाओं के चलते शरीर में ठिठुरन बनी रही। मौसम की इस बेरुखी का असर बाजारों पर भी देखने को मिला, जहां आम दिनों की तुलना में ग्राहकों की संख्या कम रही और गतिविधियां सुस्त पड़ी रहीं। कोहरे के कारण सुबह कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग देर से घरों से निकले, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों ने भी सावधानीपूर्वक यात्रा की। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में अचानक आई इस ठंड से सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

# पीएम आवास सत्यापन में रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल, दो पंचायत सचिव निलंबित

### आडियों में धामंदा पंचायत सचिव बोला: मैं तो दो हजार ले रहा हूं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चल रहे आवास सत्यापन कार्य में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इंटरनेट मीडिया पर ऑडियो सामने आने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने दो पंचायत सचिवो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दरअसल जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढपाले के निर्देश पर इन दिनों सारंगपुर जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पीएम आवासों के भौतिक सत्यापन का काम चल रहा है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को खत्म करने के लिए जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल ने एक विशेष रणनीति अपनाई थी। इसके तहत पंचायत सचिवों की पंचायतें बदलकर उन्हें दूसरे गांवों में सत्यापन के लिए भेजा गया था। इसी फेरबदल के दौरान ग्राम पंचायत धामंदा के सचिव रामचंद्र नागर की ड्यूटी अमलारोड गांव में लगाई गई थी।

### आडियो में खुली रिश्वत पोल

मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर एक ऑडियो सामने आया, जिसने प्रशासन के दावों की पोल




खोलकर रख दी। इस ऑडियो में सचिव रामचन्द्र नागर आवास सत्यापन के बदले हितग्राहियों से एक से दो हजार रुपए वसूलने की बात स्वीकार करते हुए सुने गए। इतना ही नहीं, ऑडियो में यह चौंकाने वाला दावा भी किया गया कि अमलारोड गांव में सत्यापन के नाम पर प्रति हितग्राही दस-दस हजार रुपए तक लिए गए। यह ऑडियो सामने आते ही जिला पंचायत सीईओ ने जांच के आदेश दिए और चंद घंटों में ही दो सचिवों निलंबन की कार्रवाई कर दी।

### शासन की छवि धूमिल करने पर एक्शन

जिला पंचायत सीईओ गढपाले के जारी निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ऑडियो से प्रथम दृष्टया यह साबित होता है कि प्रधानमंत्री आवास जैसी जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार किया गया है। आदेश के अनुसार, सचिव का यह कृत्य शासन की छवि धूमिल करने वाला और लापरवाही की श्रेणी में आता है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश पंचायत सेवा नियमों के तहत रामचंद्र नागर को निलंबित कर उनका मुख्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर तय किया गया है।


जबकि आमलरोड सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला पर आरोप है कि आवास योजना में नाम जोडने के लिए हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपये लेने की बातचीत का ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि राशि लेकर पात्रता के विपरीत नाम जोडने की स्वीकृति दी जा रही थी। जिसके चलते सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन काल में उनका मुख्यालय भी जनपद पंचायत सारंगपुर निर्धारित किया गया है। दोनों मामलों में जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर आरोप-पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खंड पंचायत अधिकारी एवं सरपंचों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच में दोष सिद्ध होने पर आगे और भी कडी कार्रवाई की जाएगी।



## शहीदी सप्ताह अंतर्गत वीर बाल दिवस का गुरुद्वारा पर आयोजन आज

**महिदपुर ।** स्थानीय श्री गुरुद्वारा साहब पर दिनांक 26 दिसंबर को शहीदी सप्ताह अंतर्गत वीर बाल दिवस के रूप में सरवंश दानी पिता धन धन श्री गुरु गोविंदसिंहजी महाराज के चारों पुत्रो जिसमे 2 साहबजादे चमकौर की लड़ाई में और 2 साहबजादे जिंदा दीवाल में चुनवा दिए गए थे ।उसी को लेकर श्री गुरु सिंध सभा महिदपुर गुरुद्वारे पर 26 दिसंबर को रात्रि 7 से 9 बजे तक वीर बाल दिवस का रूप देकर शबद, कीर्तन, और समाजजन द्वारा चारों साहबजादे के जीवन पर अपने विचार रखेंगे। सभी समाजजन से विनती है कि समय से गुरु घर में पहुंचने की कार्यपालता करें।

## 2 जनवरी को प.पू. श्री महेंद्रसागर जी आदि ठाणा का मंगल प्रवेश



**महिदपुर।** महिदपुर नगर की पुण्यधरा पर दिनांक 2 जनवरी को प.पू. अध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर श्री महेंद्रसागर जी म.सा. एवं प.पू. युवा मनीषी उपाध्याय श्री मनीषसागर जी म.सा. आदि ठाणा का भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। परम पूज्य महाराज साहेब वर्तमान में आचार्य पदवी हेतु जैसलमेर की ओर विहाररत हैं। इसी क्रम में वे इंदौर से उज्जैन होते हुए महिदपुर पधारेंगे। दिनांक 2 जनवरी को महिदपुर नगर में मंगल प्रवेश होगा, एवं 3 जनवरी को अष्टापद तीर्थ की ओर विहार करेंगे। गौरतलब है कि पूर्व में भी परम पूज्य श्री महेंद्रसागर जी महाराज साहेब ने महिदपुर नगर में भव्य चातुर्मास करा है, जिसकी स्मृतियाँ आज भी नगरवासियों के हृदय में जीवंत हैं। महिदपुर नगर के नागरिकों में प.पू. श्री महेंद्रसागर जी म.सा. एवं प.पू. श्री मनीषसागर जी म.सा. के प्रति विशेष श्रद्धा एवं अपनत्व है। महाराज साहेब के आगमन को लेकर नगर में कई दिनों से उत्साह और आनंद का वातावरण बना हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता का निधन

**महिदपुर।** बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता पंडित नंदराम दास का एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन



हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित नंदराम दास, बजरंग दल के जिला सह संयोजक विष्णु मालवीय, अंकित मालवीय सहित अन्य कार्यकताओं के साथ चार पहिया वाहन से महिदपुर रोड स्थित एक मामले से लौट रहे थे। रास्ते में किसी व्यक्ति को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल महिदपुर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने पंडित नंदराम दास को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में घायल अन्य दो कार्यकर्ताओं की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए उज्जैन रेफर किया गया है।

## ग्राम पाडलिया में अखंड ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत



**महिदपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार में 2026 से आयोजित अखंड ज्योति मातृशक्ति जन्मशताब्दी समारोह के उपलक्ष में ज्योति कलश यात्रा का ग्राम पाडलिया में स्वागत किया गया। एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञाचार्य का कार्य प्रहलाद कनार्दी, दिनेश पोरवाल झारड़ा द्वारा संपन्न कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन के जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवयुवकों को धर्मशास्त्र से जोड़ना अनिवार्य है तभी हमारे देश की संस्कृति और संस्कार बचेंगे। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक श्यामलाल जोशी ने अभिभावकों से समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों को दुर करने का आव्हान किया। ज्योति कलश यात्रा ग्राम पाडलिया से होते हुए रावत खेड़ी काचरिया, ढाबलासिया, तारोट होते हुए झारड़ा पहुंची। कार्यक्रम में उज्जैन से एम.एल रणधवलजी, महिदपुर से सुभाषचन्द्र दुबे, मनोज शर्मा, शम्भूसिंह, प्रकाश जायसवाल, बालूसिंह आंजना, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वरसिंह चैहान श्यामसिंह एडवोकेट, बापूसिंह चैहान, शम्भुसिंह, तारोट से विक्रमसिंह, जीवनसिंह, काचरिया से सुभाषचंद्र कारपेंटर एवं झारड़ा के गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश पोरवाल द्वारा किया गया आभार बंसीलाल शर्मा ने माना।

माना जाता है यदि घर की महिलाएं नए साल के पहले दिन कुछ शुभ और धार्मिक कार्य करती हैं, तो इससे परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और मां लक्ष्मी की कृपा सालभर प्राप्त होती है। आइए जानते हैं साल के पहले दिन कौन से काम जरूर करने चाहिएं...

# पूरे साल बरसेगी माता लक्ष्मी की कृपा

## नए साल पर महिलाएं जरुर करें ये खास काम



नए वर्ष की शुरूआत हर किसी के लिए खास होती है। मान्यता है कि साल का पहला दिन जैसी होता है पूरे वर्ष उसका असर रहता है, इसलिए यह जरूरी है कि नए साल की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा और भावनाओं के साथ की जाए। खास तौर पर यदि घर की महिलाएं नए साल के पहले दिन कुछ शुभ और धार्मिक कार्य करती हैं, तो इससे परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और मां लक्ष्मी की कृपा सालभर प्राप्त होती है।

### सूर्य देव को अर्घ्य

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वर्ष 2026 के पहले दिन महिलाओं को ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। प्रातःकाल गंगाजल या किसी भी पवित्र नदी के जल को स्नान के पानी में मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान के बाद साफ वस्त्र धारण कर सूर्य देव को अर्घ्य दें और उनसे परिवार के स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की कामना करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और दिन की शुरूआत सकारात्मक रहती है।

### तुलसी पूजन

नए साल के पहले दिन तुलसी पूजन का भी विशेष महत्व बताया गया है। सुबह तुलसी के पौधे में जल अर्पित करें और उसमें लाल रंग का कलावा बांधें। शाम के समय तुलसी वृंदावन के पास दीप जलाकर भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करें। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन, वैभव व खुशहाली का वास बना रहता है।

### बड़ों का आशीर्वाद

साल के पहले दिन देवी-देवताओं की पूजा के बाद घर के बड़ों का आशीर्वाद लेना बेहद जरूरी माना जाता है। घर के सभी वरिष्ठ सदस्यों के चरण स्पर्श करें और मन में यह संकल्प लें कि पूरे वर्ष उनका सम्मान करेंगे और उनकी जरूरतों का ध्यान रखेंगे। कहा जाता है कि जहां बुजुर्ग प्रसन्न रहते हैं, वहां सुख-समृद्धि अपने आप चली आती है।

### मीठे से करें साल की शुरूआत

नए साल के पहले दिन रसोई में कुछ मीठा जरूर बनाएं। सबसे पहले भगवान को भोग लगाएं और उसके बाद उस प्रसाद को कन्याओं में बांटें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसके अलावा महिलाओं को इस दिन गाय को ताजी रोटी खिलानी चाहिए और जरूरतमंदों को अन्न, धन, वस्त्र या कंबल का दान करना चाहिए। दान-पुण्य से पूरे वर्ष आर्थिक परेशानियों से भी राहत मिलती है।

इसके साथ ही 1 जनवरी 2026 को बाल गोपाल को स्नान कराना, शिवलिंग पर जल चढ़ाना और भगवान गणेश की पूजा करना भी शुभ फल देता है। मां दुर्गा को लाल चुनरी अर्पित करें और उनसे शक्ति व उन्नति का आशीर्वाद मांगें। मान्यता है कि इन उपायों से जीवन में तरक्की के नए रास्ते खुलते हैं।

# जनवरी में केतु इन राशि वालों को देंगे अच्छे रिजल्ट



ज्योतिष शास्त्र में केतु को एक छाया ग्रह माना गया है, जो व्यक्ति के जीवन में अचानक होने वाले बदलाव, आध्यात्मिक झुकाव का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि, केतु का गोचर राशियों पर विशेष प्रभाव डालता है। इससे जहां कुछ राशियों की चुनौतियां बढ़ती हैं, तो वहीं कई राशियों के लिए यह अप्रत्याशित लाभ के जैसा हो सकता है। केतु का प्रभाव जातकों के उन्नति के द्वार को भी खोल देता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक, साल 2026 में केतु का पहला महत्वपूर्ण गोचर जनवरी में होने वाला है। वह 25 जनवरी 2026 को पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र के द्वितीय चरण से निकलकर प्रथम चरण में अपना स्थान लेंगे। केतु इस नक्षत्र पद में आने पर कुछ राशि वालों को व्यापार में धनलाभ, रुके हुए कार्यों में गति और करियर में तरक्की मिल सकती हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए समय सबसे खास रहने वाला है। आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं और आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। आप निवेश को लेकर नई प्लानिंग करेंगे और कोई वाहन इस समय खरीद सकते हैं। विवाह के योग बनेंगे और घर में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सेल्स, मार्केटिंग या फिल्ड जैसे सेक्टर में काम करने वालों को नया अवसर मिलेगा। निवेश में भी अच्छा रिजल्ट मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में मधुरता आएगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह समय नई उम्मीद और सफलता से भरा रहेगा।

### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए समय सकारात्मकता से भरा रहेगा। आपके जीवन में किसी की दस्तक हो सकती हैं। आप परिवार वालों के लिए नए बिजनेस और कुछ योजनाओं को लागू करेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। विदेश यात्रा तक जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। खास बात यह है कि, आपके बनते काम में आ रही बाधा दूर होगी। सफलता के लिए सभी कोशिश रंग लेकर आएगी। लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा अवसर मिल सकता है। किसी बड़ी समस्या का समाधान खोजने में सिंह राशि वालों को कामयाबी मिल सकती हैं। इस समय आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक राशि

ज्योतिषियों के मुताबिक, आपको नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। यदि आप साझेदारी में कोई काम करते हैं, तो आपको अपने पार्टनर की तरफ से पूरा समर्थन मिलेगा। यह समय करियर को नई दिशा देने के लिए भी शुभ रहेगा। आपको भाई-बहनों का हर काम में साथ मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मिलकर संपत्ति या किसी बड़े निवेश की योजना आप बनाएंगे। कार्यस्थल पर सम्मान बढ़ेगा और वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

हिंदू धर्म में पुत्रदा एकादशी को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। यह पौष माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाई जाती है। इस दिन सृष्टि के पालनहार विष्णु जी की पूजा की जाती है। इसके प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में बदलाव आते हैं और उसे मोक्ष मिलता है।

# शुभ योग में साल की अंतिम एकादशी, जानें तिथि और शुभ मुहूर्त

हिंदू धर्म में पुत्रदा एकादशी को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। यह पौष माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाई जाती है। इस दिन सृष्टि के पालनहार विष्णु जी की पूजा की जाती है। इसके प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में बदलाव आते हैं और उसे मोक्ष मिलता है। यह व्रत सुहागिनों के लिए बेहद लाभकारी होता है, क्योंकि इस दिन देवी लक्ष्मी संग विष्णु महाराज का स्मरण करने से पुत्र प्राप्ति के योग का निर्माण होता है। मान्यता है कि, पुत्रदा एकादशी पर विष्णु जी को केसर की खीर का भोग लगाने से संतान की रक्षा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यहीं नहीं जातकों का भाग्योदय भी होता है। इस वर्ष 30 दिसंबर 2025 को पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। यह साल की अंतिम एकादशी होगी। ऐसे में आइए इस दिन के पूजा मुहूर्त और शुभ योग को जानते हैं।

### पौष पुत्रदा एकादशी 2025

इस वर्ष पौष महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 30 दिसंबर 2025 को सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 31 दिसंबर की सुबह 5 बजे होगा। इसलिए 30 दिसंबर 2025 को पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन भरणी नक्षत्र और सिद्ध का विशेष संयोग बना रहेगा।



### पूजा का शुभ मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह में 5:24 से 06:19

प्रातः सन्ध्या- सुबह में 5:51 से 07:13

अभिजित मुहूर्त- दोपहर में 12:3 से 12:44

विजय मुहूर्त- दोपहर में 2:07 से 02:49

निशिता मुहूर्त- रात 11:57 से सुबह 12:51

### एकादशी व्रत पूजा विधि

एकादशी के दिन एक साफ चौकी पर विष्णु जी की मूर्ति रखें।

प्रभु को पीले रंग के वस्त्र पहनाएं।

प्रभु के सामने शुद्ध देसी घी से दीपक जलाएं और उन्हें चने की दाल अर्पित करें।

इस दौरान प्रभु को पंचामृत का भोग लगाएं और उसमें तुलसी दल शामिल अवश्य करें।

विष्णु जी को बेसन के लड्डू और पीली मिठाई भी चढ़ाएं।

अब आप एकादशी व्रत कथा का पाठ करें।

विष्णु जी की आरती करें और जरूरतमंदों को दान दें।

रात में कीर्तन या भजन गाकर प्रभु की कृपा प्राप्त करें।

## Sport

विराट कोहली और रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के जरिए घरेलू क्रिकेट में लौट आए हैं। दिल्ली ने विराट कोहली के शतक की बदौलत आंध्र प्रदेश को चार विकेट से हराया। वहीं, मुंबई ने रोहित के शतक की बदौलत सिक्किम को आठ विकेट से हरा दिया।

# कोहली के शतक से दिल्ली ने आंध्र और रोहित की सेंचुरी से मुंबई ने सिक्किम को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बुधवार, 24 दिसंबर का दिन खास बन गया है। टीम इंडिया के दो सबसे बड़े सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा एक बार फिर घरेलू क्रिकेट में खेलते नजर आए। दोनों दिग्गज विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में अपनी-अपनी टीमों के लिए मैदान पर उतरे और बल्ले से जलवा बिखेरा है। विराट कोहली दिल्ली की ओर से आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक जड़ा, जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई की जर्सी में सिक्किम के खिलाफ तूफानी शतक लगाया।



### कोहली के शतक से दिल्ली ने आंध्र प्रदेश को हराया

दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच मुकाबला बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जा रहा है। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। विराट कोहली दिल्ली टीम का हिस्सा हैं, जबकि कप्तानी की जिम्मेदारी ऋषभ पंत संभाल रहे हैं। यह मुकाबला पहले बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होना था, लेकिन अंतिम समय में वेन्यू बदल दिया गया। कोहली की घरेलू क्रिकेट में मौजूदगी से युवा खिलाड़ियों को काफी प्रेरणा मिल रही है। आंध्र प्रदेश ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 298 रन बनाए।

जवाब में दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 15 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी कर रहे किंग कोहली ने 84 गेंद में शतक जड़ा। वह 101 गेंद में 14 चौके और तीन छक्के की मदद से 131 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 129.70 का रहा। कोहली ने पिछली बार 2009/10 सत्र में हिस्सा लिया था। इसके अलावा प्रियांश आर्या ने 44 गेंद में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से 74 रन की पारी खेली। नीतीश राणा ने 55 गेंद में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत फ्लॉप रहे और पांच रन ही बना सके।

### रोहित शर्मा के तूफानी शतक से मुंबई ने सिक्किम को हराया

मुंबई और सिक्किम के बीच मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में सिक्किम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा मुंबई टीम का हिस्सा हैं, जबकि कप्तानी शार्दुल ठाकुर कर रहे हैं। रोहित लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं और फैंस को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद है। सिक्किम ने 50 ओवर में सात विकेट पर 236 रन बनाए।

जवाब में मुंबई ने 30.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 62 गेंद में आठ चौके और आठ छक्के की मदद से शतक लगाया। इसके बाद 91 गेंद में 150 रन पूरे किए। वह 94 गेंद में 18 चौके और नौ छक्कों की मदद से 155 रन बनाकर आउट हुए। अंगकृष रघुवंशी ने 58 गेंद में 38 रन की पारी खेली। वहीं, मुशीर खान 26 गेंद में 27 रन और सरफराज खान पांच गेंद में आठ रन बनाकर नाबाद रहे।

### घरेलू क्रिकेट में क्यों उतरे विराट और रोहित?

बीसीसीआई ने इस सीजन से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों के लिए कम से कम दो घरेलू मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसी नियम के तहत विराट कोहली और रोहित शर्मा घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। आमतौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट तक सीमित रहने वाले ये दोनों खिलाड़ी अब घरेलू मंच पर युवाओं के साथ खेलते दिख रहे हैं, जो फैंस के लिए एक दुर्लभ और खास मौका है।

### कोहली ने की सचिन की बराबरी

विराट कोहली ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। कोहली ने 343 मैचों में यह आंकड़ा हासिल किया। इसके साथ ही वह दुनिया के कुल नौवें बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे किए हैं। खास बात यह है कि इस क्लब में शामिल सभी खिलाड़ियों में विराट कोहली का बल्लेबाजी औसत सबसे ज्यादा है, जो 50 ओवर के प्रारूप में उनकी निरंतरता और लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

## हरमनप्रीत ने गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय

**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार लय जारी रखते हुए दूसरे टी20 मैच को जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया है। भारत के लिए इस मैच में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने दमदार बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान मिली सीख को स्वीकार करने से उन्हें खुद को बेहतर करने में मदद मिली है।

भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में नौ विकेट पर 128 रन के स्कोर पर रोका। जवाब में भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 34 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। जेमिमा और शेफाली ने दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। शेफाली को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ीं, जोफ्रा आर्चर एशेज सीरीज के बाकी मैच से बाहर

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं। इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं।



30 वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है।

आर्चर बुधवार को एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए।

उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए। इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए बुधवार को अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है।

# गिल को बाहर करना गावस्कर पर श्रीकांत को तरजीह देने जैसा? पूर्व क्रिकेटर ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज और टी20 के उपकप्तान शुभमन गिल को बाहर किए जाने के फैसले ने क्रिकेट जगत में तीखी बहस छेड़ दी है। अब इस फैसले पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यूवी रमन ने चयनकर्ताओं को आड़े हाथों लिया है।

### चयन पर उठे सवाल

अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम में शुभमन गिल को जगह नहीं दी, जबकि वे लंबे समय से टीम का हिस्सा रहे हैं। इस फैसले को लेकर डब्ल्यूवी रमन ने कहा कि गिल को किसी बड़ी गलती या खराब प्रदर्शन के कारण बाहर नहीं किया गया, बल्कि टीम कॉम्बिनेशन की वजह से उन्हें 'बलि का बकरा' बनाया गया।

### उपकप्तान बनाने पर भी सवाल

रमन ने यह भी सवाल उठाया कि जब शुभमन गिल को टीम से बाहर ही करना था, तो उन्हें टी20 का उपकप्तान बनाने की जरूरत क्या थी। उनके मुताबिक, टीम में पहले से ही ऐसे कई खिलाड़ी मौजूद थे जो टी20 फॉर्मेट के लिए ज्यादा उपयुक्त थे।



### 'गावस्कर बनाम श्रीकांत' की तुलना

डब्ल्यूवी रमन ने इस फैसले की तुलना करते हुए कहा, 'यह ऐसा ही है जैसे टी20 फॉर्मेट में सुनील गावस्कर के बजाय कृष्णमाचारी श्रीकांत को चुनना। हम सभी जानते हैं कि किसका स्तर क्या है, लेकिन टी20 क्रिकेट में विस्फोटक बल्लेबाजों को प्राथमिकता दी जाती है।' उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक टी20 क्रिकेट में आक्रामकता अहम फैक्टर बन चुकी है और गिल की तुलना में कुछ अन्य बल्लेबाज स्वभाविक रूप से ज्यादा आक्रामक हैं।

### तकनीक में बदलाव पर रमन की राय

हाल ही में इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले शुभमन गिल ने अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव करते हुए ज्यादा सीधे बल्ले से खेलना शुरू किया था। हालांकि रमन का मानना है कि इस तकनीकी बदलाव का उनके टी20 प्रदर्शन पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रोहित शर्मा भी सीधे बल्ले से खेलते हैं, लेकिन इससे उनकी हिटिंग क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता।

### गिल को दी अहम सलाह

डब्ल्यूवी रमन ने शुभमन गिल को इस फैसले को दिल से न लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'अगर मैं उनका कोच होता तो उनसे कहता कि क्रिकेटर की जिंदगी में भावनाओं के लिए कोई जगह नहीं होती। यह फैसला टीम संयोजन को ध्यान में रखकर लिया गया है और गिल को यह नहीं सोचना चाहिए कि वह अब कमतर खिलाड़ी बन गए हैं।'

### इन खिलाड़ियों को तरजीह

बीसीसीआई ने गिल और जितेश शर्मा को बाहर कर रिंकू सिंह और ईशान किशन जैसे बल्लेबाजों को मौका दिया है। इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि चयनकर्ता टी20 वर्ल्ड कप में ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप के साथ उतरना चाहते हैं।

न्यूज कॉलम

## लिव-इन में रह रही युवती ने किया सुसाइड, लिव-इन पार्टनर हिरासत में



**इंदौर।** इंदौर की सांईकृपा कॉलोनी में एक सप्ताह पहले दोस्त के पास रहने आई 22 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। बुधवार रात युवती का शव फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद दोस्त ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और युवती के दोस्त को हिरासत में ले लिया है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार बुधवार रात करीब 11:30 बजे एमवाय अस्पताल से सूचना मिली थी कि जागृति कर्मा (22) को उसका दोस्त हर्ष पुत्र रोहित मिश्रा अस्पताल लेकर पहुंचा है। डॉक्टरों ने जांच के बाद जागृति को मृत घोषित कर दिया। हर्ष ने बताया कि उसने रात करीब 9 बजे जागृति को फंदे पर लटका हुआ देखा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि जागृति उज्जैन के एमआईटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी और मूल रूप से रीवा की रहने वाली थी। वह एक सप्ताह पहले इंदौर में दोस्त हर्ष के पास रहने आई थी। हर्ष मूल रूप से देवास का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। पुलिस ने हर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में हर्ष ने बताया कि घटना से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। हालांकि आत्महत्या के कारणों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले की जानकारी जागृति के परिजनों को दे दी है। जागृति के पिता शिक्षक हैं और परिवार में एक बहन व एक भाई भी है। थाना प्रभारी के मुताबिक परिजनों के बयान अभी दर्ज नहीं किए गए हैं। हर्ष से गुरुवार दोपहर में विस्तार से पूछताछ की गई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## इलाज के दौरान युवक की मौत, ट्रक का टायर फटने से हुआ था घायल

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर में 6 दिन पहले टायर फटने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान बुधवार रात को मौत हो गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने मामले मे मर्ग कायम कर लिया है। तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि विजय पैलेस कॉलोनी माणिकबाग निवासी मोहम्मद नाहिद (21) पुत्र कलीमुद्दीन नायता मुंडला इलाके में आरटीओ ऑफिस के पास एक टायर की दुकान पर काम करता था। 19 दिसंबर को वह पंचर बनाने के बाद ट्रक के टायर में हवा भर रहा था। तभी तेज धमाके के साथ टायर फट गया और नाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया। टायर फटने की आवाज सुनकर आसपास की दुकानदार इकट्ठा हो गए और नाहिद को उठाकर नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। नाहिद के शरीर से काफी ब्लड वह रहा था। अस्पताल में नाहिद का इलाज किया जा रहा था। परिवार में नाहिद का भाई और पिता हैं, जो मिस्त्री का काम करते हैं। इंदौर के कनाड़िया में बुधवार रात एक युवक दो मंजिल मकान से गिर गया। उसे उपचार के लिए एमवाय ले जाया गया। जहां रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक संतोष सोनी (38) निवासी झलारिया ग्राम है। वह अपने घर से कुछ दूरी पर एक निमार्णाधीन मकान में चौकीदार दोस्त से मिलने पहुंचा था। रात में करीब 10 बजे वह दूसरी मंजिल के डक से नीचे गिरा। चौकीदार ने घटना की सूचना संतोष के घर पर दी। बेटा समीर और अन्य लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर रात में उसकी मौत हो गई। संतोष पेशे से ड्राइवर था। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

## निलंबित आबकारी अफसर मंदाकिनी को राहत नहीं

**इंदौर।** शराब ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में सहायक आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित को शासन ने निलंबित कर दिया। आरोप है कि सहायक आबकारी अधिकारी दीक्षित की प्रताड़ना से तंग आकर ठेकेदार ने आत्महत्या की। मामले में मंदाकिनी दीक्षित ने निलंबन के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी और सरकार को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। दीक्षित ने याचिका में उल्लेख किया कि उनका पक्ष सुने बिना ही शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया। वहीं, शासन ने हाई कोर्ट में कहा कि यह याचिका चलने योग्य नहीं है। निलंबित अफसर को पहले राज्यपाल के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए थी। वहां प्रतिवेदन दिए बिना ही हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। इस घटना की पुलिस अभी जांच कर रही है। दीक्षित का ऑडियो भी सामने आया है, जिसमें शराब ठेकेदार को प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में बहाल किया गया तो पद पर रहते हुए साक्ष्य प्रभावित किए जा सकते हैं। हाई कोर्ट अब जनवरी में मामले की सुनवाई करेगा।

## 58 करोड़ रुपए के बैंक लोन मामले में शाहरा व सीए के यहां ईडी की कार्रवाई

**इंदौर।** सट्टा एप मामले में विशेष अदालत में चालान पेश करने के साथ ही रुचि ग्लोबल समूह के बैंक लोन डिफाल्टर मामले में भी जांच तेज कर दी गई है। बुधवार को दिल्ली से आए ईडी के अधिकारियों ने समूह के उमेश शाहरा और कंपनी के सीए रहे ईश्वर कलंत्री के चार ठिकानों पर जांच करके संबंधित दस्तावेज खंगाले। कुछ दस्तावेज भी ले गए हैं। ईडी 2021 में हुए 58 करोड़ के बैंक लोन घोटाले में जांच कर रही है। इस संबंध में निदेशालय लगातार रुचि ग्लोबल के कर्ताधताओं से पूछताछ कर रहा है। बता दें, 2021 में बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों ने मेसर्स रुचि ग्लोबल के कर्ताधताओं के खिलाफ लोन फजीर्वाड़े की शिकायत करवाई थी। आरोप है, कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन लिया और चुकाया नहीं। ईडी ने पीएमएलए एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की है।

## गोवा से शादी में आई प्रोफेसर महिला के आभूषण चोरी

**इंदौर।** इंदौर में अपनी सहेली के बेटे के शादी के फंक्शन में आई गोवा की रिटायर्ड महिला प्रोफेसर का आभूषण से भरा पर्स चोरी हो गया। मामले में महिला ने बुधवार को थाने आकर एफआईआर कराई है। कनाडिया पुलिस ने बताया कि 62 साल की नीलिमा सावंगीकर निवासी रिसारा एगीगेट नियर करण झलेम जंक्शन गोवा सहेली के बेटे की शादी के चलते इंदौर आई थी। भंडारी रिसोर्ट पर बुधवार को तिलक का प्रोग्राम था। वह एक कुर्सी पर बैठी थी। नजदीक की कुर्सी खाली होने के चलते वहां अपना पर्स रख दिया। पीछे बैठे एक लड़के ने ध्यान भटकने पर पर्स चुरा लिया। पर्स में सोने की चेन, नेकलेस, सोने का लॉकेट, दो सोने के झुमके, करीब 14 हजार रुपए नकदी ओर मोबाइल था। नीलिमा के मुताबिक बाद में पर्स भंडारी रिसोर्ट की पार्किग में पड़ा मिला। वह खाली थी। स्टाफ को जानकारी देने के बाद थाने आकर एफआईआर की गई। पुलिस को सीसीटीवी में एक चोर पर्स उठाते हुए दिखा है। कनाडिया में भी एक होस्टल में घुसकर आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बुधवार को आसिफ खान निवासी सवार्नंद नगर की शिकायत पर अज्ञात चोरी के मामले में एफआईआर की है। पुलिस ने बताया कि उसके कमरे से अज्ञात बदमाश ने एक लैपटॉप,चांदी की चेन और पर्स में रखे रुपए चुराकर ले गया। पुलिस इस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।

### युवा मोर्चा के अध्यक्ष के लिए युवाओं में खींचतान

# मेंदोला के लिए दिक्कत, किसका नाम आगे बढ़ाए

दैनिक अवन्तिका ›› इंदौर

नगर टीम की घोषणा के बाद अब मोर्चा अध्यक्षों को लेकर हलचल शुरू हो गई है। पैनल बनाने के लिए कहा गया है जिसमें जल्द ही इस पर निर्णय भी हो सकता है।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नगर अध्यक्ष बनने के बाद अब टीमों के गठन की प्रक्रिया से भी शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा माथापच्ची युवा मोर्चा के अध्यक्ष को लेकर है। इसके लिए भोपाल तक दौड़ लगाने का काम शुरू हो गया है।

हालांकि पैराशूट से उतारने की कोशिश न हो रही है लेकिन संभावनाएं कम दिख रही है। युवा मोर्चा के शहर



अध्यक्ष के र लिए धीरज ठाकुर के साथ नयन दुबे है। बताते है कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के जरिए धीरज ने पैरवी शुरू कर दी है। असल में टेलर को अध्यक्ष बनाने में सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी का रोल सबसे ज्यादा रहा है और धीरज उन्हीं के जरिए अब करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे है।

- एक और नाम प्रतीकसिंह बघेल का है जो विधायक रमेश मेंदोला के सबसे करीबी रह चुके है और उनके लिए दादा हाथ आगे बढ़ाया तो फायदा हो सकता है। इतना ही नहीं अक्षत चौधरी के लिए भी रमेश मेंदोला लगे हुए अब दोनों में जिस नाम के लिए विचार हो जाए वह महत्वपूर्ण है। नयन दुबे के लिए प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे साथ दे रहे है। रणदीवे आ जाए परन्तु ऐसा नहीं हो पाया था। सामाजिक समीकरण के हिसाब से खाती समाज के स्त्रूप में रोहित चौधरी का नाम भी आगे बढ़ते दिख रहा है। कारण सब अध्यक्ष थे तब भी उन्होंने कोशिश की थी कि नयन का नाम सामने अभी से कोशिश चल रही है।
- यही है कि इस समाज को भी ज्यादा जिम्मेदारी नहीं मिली है इसलिए अब वहां पर यही प्रयास किया जा रहा है कि युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूरूप में कई युवा चेहरे सामने दिखाई दे रहे है और देखना यह है कि लाटरी किसकी लगती है। कोई नए नाम पर भी विचार हो सकता है लेकिन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की मौजूदगी के बाद ही यह फैसला हो पायेगा। इसके अलावा संभावनाएं कम नजर आ रही है। युवा मोर्चा के अलावा महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष के लिए भी पैनल बनाने के लिए कहा गया है, जल्द ही इस पर काम शुरू हो जायेगा। नए साल में सभी नियुक्तयां हो सकती है।

## ई-चालान की एपीके फाइल ने खाली करवाए बैंक अंकाउट

दैनिक अवन्तिका ›› इंदौर

अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने ई-चालान की एपीके फाइल के जरिए बैंक अकाउंट खाली करने के मामले में साइबर ठगी की पहली एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित के वॉट्सएप पर ई-चालान का मैसेज आया था, जिसमें एपीके फाइल संलग्न थी। जैसे ही पीड़ित ने फाइल खोली, उसका बैंक अकाउंट कुछ ही मिनटों में खाली हो गया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि 37 वर्षीय विक्की क्षेत्री, निवासी होल्कर विला दशहरा मैदान रोड की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। विक्की पेशे से ड्राइवर है। 10 नवंबर को उसके वॉट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से ई-चालान की एपीके फाइल आई थी। फाइल खोलते ही पहले 70 हजार, फिर 50 हजार और बाद में 3 हजार रुपए उसके खाते से निकल गए। कुल 1 लाख 23 हजार रुपए की ठगी हुई। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की, जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज कराई।

### अब नदियों की सेहत से तय होगी स्वच्छ शहरों की रैंकिंग

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 : जल शुद्धि बिना टॉप रैंक मुश्किल

दैनिक अवन्तिका ›› इन्दौर

इंदौर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 ने देशभर के शहरों के लिए स्वच्छता की परिभाषा ही बदल दी है। अब केवल सडकें साफ होना या कचरे का समय पर उठना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि शहर की रैंकिंग उसकी नदी की सेहत से भी सीधे तौर पर जुड़ गई है। केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन में रिवर टाउन की अवधारणा को और मजबूत किया गया है। नर्मदा, शिप्रा, गंगा जैसी प्रमुख नदियों के तट पर बसे शहरों के लिए जल गुणवत्ता, घाटों की स्वच्छता और नदी किनारे रहने वाले नागरिकों का अनुभव निर्णायक होगा।

### 12,500 अंकों की परीक्षा में नदी बनी केंद्र

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को 12,500 अंकों की राष्ट्रीय परीक्षा की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें रिवर टाउंस के लिए अलग से कड़े मानक तय किए गए हैं। नदी घाटों की सफाई, सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट का निस्तारण और नदी में गिरने वाले नालों की स्थिति का गहन आकलन होगा। केवल कागजी दावों से नहीं, बल्कि मौके पर वास्तविक स्थिति देखकर अंक दिए जाएंगे।

### उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए बड़ी चुनौती

मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर बसी उज्जैन और नर्मदा किनारे स्थित ओंकारेश्वर के लिए यह सर्वे सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है। उज्जैन के लिए शिप्रा सिर्फ नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और पहचान का आधार है। सिंहस्थ महाकुंभ जैसी विश्वस्तरीय धार्मिक परंपरा इसी नदी से जुड़ी है। नई गाइडलाइन के बाद शिप्रा सीधे स्वच्छता आकलन के केंद्र में आ गई है। उज्जैन देश के चुनिंदा टॉप-छह मझोले शहरों (तीन से 10 लाख आबादी) में शामिल है, जिन्हें लगातार बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 'सुपर स्वच्छता लीग' में स्थान मिला है। लेकिन इस बार चुनौती और कठिन है। शिप्रा की स्वच्छता में कान्ह नदी बड़ी बाधा बनकर सामने आ रही है। कान्ह नदी का प्रदूषित पानी शिप्रा में मिल रहा है, जिससे जल गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

## इंदौर से गोंदिया और अहमदाबाद की कैंसिल, दिल्ली उड़ान भी रद्द

दैनिक अवन्तिका ›› इंदौर

इंदौर से महाराष्ट्र के गोंदिया और गुजरात के अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू करने वाली स्टार एयर ने 31 जनवरी तक इंदौर से अपनी चारों उड़ानों को निरस्त कर दिया है। कंपनी ने 31 जनवरी तक की सभी उड़ानों को अपनी वेबसाइट से भी हटा दिया है। इसके कारण जिन यात्रियों ने दिसंबर और जनवरी में इन रूट पर टिकट बुक की थी उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्टार एयर ने 16 सितंबर से ही इंदौर से गोंदिया और बेंगलुरु के लिए उड़ानों की शुरूआत की थी। बाद में कंपनी ने बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू की। तय शेड्यूल के मुताबिक फ्लाइट शाम 5.30 बजे अहमदाबाद से इंदौर आकर 6.10 बजे गोंदिया जाती है। वहीं वापसी में रात 9 बजे गोंदिया से इंदौर आकर 9.30 बजे वापस अहमदाबाद जाती है। कंपनी शुरूआत से ही अकसर अपनी उड़ानों को निरस्त करती रही है। पिछले करीब एक सप्ताह से भी यह उड़ानें निरस्त हो रही थीं।

## इन्फ्लूएंसर को पूछताछ के लिए थाने बुलाएगी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ›› इंदौर

हीरानगर में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो में वह एक पुलिसकर्मी गोरख खेम के साथ बदसलूकी करते हुए दिखा था। भीड़ इकट्ठा कर वह जबदस्ती माफी मंगवाने की बात करते नजर आया था। इस मामले की जानकारी वरिष्ठ अफसरों तक पहुंची तो उन्होंने मामले में संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के खिलाफ हेड कांस्टेबल ने भी लिखित में शिकायत दी है। इसे लेकर अफसर कार्रवाई का मन बना चुके हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक इन्फ्लूएंसर सोनू उर्फ पंकज वर्मा को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। जिसमें वह हीरानगर के एक हेड कांस्टेबल के साथ बदसलूकी करते नजर आ रहा है।

इस मामले को संज्ञान में लिया गया है। वहीं वरिष्ठ अफसरों के आदेश के बाद मामले में सोनू पर कार्रवाई की जा रही है। उधर, बुधवार देर रात हीरानगर पुलिस ने सोनू वर्मा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
कर्ज बढ़ रहा है
बच्चा नशा करता है
पति बीमार है
काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर


स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com